HAPPY New Year 2024

सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 15 अंक - 78 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 31 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

आवश्यकता है
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239

# कोरोना : दुर्ग व रायपुर के बाद अब रायगढ़ में बढ़ा संक्रमण, 14 नए मरीज मिलने से मचा हड़कंप

## छत्तीसगढ़ में पाजिटिविटी दर 0.78 प्रतिशत तक पहुंचा, एक्टिव मरीज 66

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना तेजी से फैल रहा है। बीते 24 घंटों में कोरोना के 31 नए मरीज मिले हैं। रायपुर व दुर्ग के बाद अब रायगढ़ में संक्रमण बढ़ा है। बीते 24 घंटों में यहां से सबसे ज्यादा मरीज मिले हैं। बीते तीन दिनों की आंकड़े के अनुसार 53 कोरोना के मरीज मिले हैं। प्रदेश की पाजिटिविटी दर 0.78 प्रतिशत जा पहुंचा है। नए वेरिएंट की पहचान होने के बाद छत्तीसगढ़ में अब तक कुल 66 व्यक्ति कोरोना संक्रमित सामने आए हैं।

स्वास्थ्य विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में बीते 24 घंटों के दौरान चार हजार सैम्पलों की जांच हुई, जिसमें 31 नए संक्रमित मिले। रायगढ़ में सबसे ज्यादा 14 नए मरीज मिले हैं। वहीं राजधानी रायपुर में 10, बलौदाबाजार में 2, बालोद, धमतरी, जांजगीर, सूरजपुर और बस्तर में 1-1 कोरोना संक्रमित मरीज पाए गए हैं। बाकी जिलों में कोरोना का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। वहीं शुक्रवार को 4678 सैम्पलों की जांच हुई, जिसमें 10 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। शुक्रवार को रायगढ़ में 4, जगदलपुर में 2, सुकमा, सूरजपुर, कोरिया और दुर्ग में 1-1 कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

# क्या नए साल में आएगी एक और लहर, 227 दिनों में सबसे बड़ा आंकड़ा आया सामने

देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों ने अब स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है। नए वेरिएंट के सामने आने के बाद जिस तेजी से नए मामले सामने आ रहे हैं उससे यह लगने लगा है कि क्या नए साल में कोरोना की एक और लहर सामने है। बीते 10 दिनों में औसतन 500-600 नए मामले सामने आ रहे हैं जो कि चिंता बढ़ाने वाली है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार सुबह 8 बजे तक जो अपडेट दिया है उसके अनुसार देश में कोविड-19 के 841 नए मामले सामने आए हैं, जो कि पिछले 227 दिनों में सबसे अधिक है। इसके साथ अब एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 4,309 पहुंच गई है।




गौरतलब है कि इससे पहले 19 मई 2023 को 865 केस दर्ज किए गए थे। आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2019 में यही वह समय था जब देश में कोरोना की एंट्री हुई थी। इसके बाद दूसरी लहर ने तो तबाही मचा दी थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार चार वर्षों में देशभर में 4.5 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए और 5.3 लाख से अधिक मौतें हुईं। मौजूदा समय में स्वास्थ्य विशेषज्ञ संक्रमण के मामलों के लिए कोरोना के नए छ्ंह.1 वैरिएंट को प्रमुख कारण मान रहे हैं। अध्ययन में सामने आया है कि छ्ंह.1 की संक्रामकता दर अधिक है। यह वैरिएंट आसानी से शरीर में वैक्सीन-संक्रमण से बनी प्रतिरोधक क्षमता को चकमा देकर संक्रमण बढ़ा रहा है।

## संक्रमित मरीज आसानी हो रहे स्वस्थ्य

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच राहत की बात यह है कि अधिकतर संक्रमित आसानी से ठीक हो रहे हैं। ज्यादातर लोगों में संक्रमण के हल्के लक्षण देखे जा रहे हैं। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार बीमारी से ठीक होने वाले लोगों की संख्या 4.4 करोड़ से अधिक है, रिकवरी रेट 98.81 प्रतिशत है। इसके अलावा देश में अब तक वैक्सीन की 220.67 करोड़ डोज दी जा चुकी है, जो गंभीर रोग से बचाने में मदद कर रही है। हालांकि खतरे को देखते हुए विशेषज्ञ सभी लोगों को गंभीरता से कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करते रहने की सलाह दे रहे हैं।

## खास-खबर

### अंधविश्वास के चक्कर में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही 3 माह की मासूम, गर्म सलाखों से दागा

**भरतपुर ( एजेंसी )।** शहडोल, उमरिया के बाद अब अनूपपुर जिले के राजेन्द्रग्राम के ताराडाड़ गांव में तीन माह की बालिका को 51 बार गर्म सलाखों से देखने का मामला सामने आया है। ठंड बढ़ने के साथ ही बच्चे निमोनिया का शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के कारण मैदानी अमला निमोनिया ग्रसित बच्चों की काउंसलिंग नहीं कर पा रहा है, जिसके कारण अंधविश्वास के फेर में परिजन मासूमों को दगवा रहे हैं। राजेन्द्रग्राम के ताराडाड़ गांव में रहने वाली उषा पति मोहन सिंह की तीन माह की बालिका को निमोनिया था। बालिका की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। इसके बाद परिजनों ने अंधविश्वास के फेर में बालिका को गर्म सलाखों से दगवा दिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टर ने बालिका की नाजुक हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज शहडोल के लिए रेफर कर दिया। मासूम का उपचार जारी है। बता दें बीते दिनों शहडोल के ग्राम पटासी में भी तीन माह की बालिका को अनगिनत बार गर्म सलाखों से दागने के बाद हालत नाजुक होने पर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान बालिका की मौत हो गई थी। बालिका की मौत में सोहागपुर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए बालिका की मां व दागने वाली दाई के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### ट्रेन की बोगी का रोड एक्सीडेंट

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में रविवार की सुबह एक बड़ा और अजीबोगरीब हादसा हुआ। इससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह



बाधित हो गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गई। दरअसल, ट्रेन की बॉगी ट्रक ट्रॉली पर लोड होकर स्टेशन की ओर जा रही थी। अचानक टर्न लेते वक्त ट्रक अनियंत्रित हो गया। चालक ने काफी कोशिश की लेकिन वह ट्रक को संभाल नहीं पाया। देखते ही देखते बॉगी ट्रक की ट्रॉली से नीचे उतरने लगी। जब तक चालक ट्रक को संभाल पाता तब तक ट्रक लोहिया पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए आगे निकल गया। हालांकि, इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ।

# गणतंत्र दिवस परेडः यहां की झांकियों को शामिल न करने पर विवाद, रक्षा मंत्रालय ने बताई वजह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियां शुरू हो गई है। कड़ाके की ठंड में दिल्ली के कर्तव्य पथ पर जवानों को 26 जनवरी में होने वाले परेड की तैयारी करते हुए देखा गया। हर बार परेड के दौरान राज्यों की झांकियां निकाली जाती हैं। ऐसे में इस बार झांकियों को लेकर काफी बवाल मच गया है। कहा जा रहा था कि पंजाब और दिल्ली के बाद केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए पंश्चिम बंगाल सरकार की ओर से प्रस्तावित झांकी को खारिज कर दिया है। इस खबर के सामने आने के बाद सियासी घमासान मचा हुआ है।



रक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में इस शीर्षक के साथ खबर प्रकाशित की जा रही है कि 'मान ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए पंजाब की झांकी को शामिल नहीं करने के लिए केंद्र पर हमला किया'। इस रिपोर्ट से यह समझा जा सकता है कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के लिए पंजाब की झांकी शामिल नहीं की जाएगी। केंद्र ने पंजाब के साथ भेदभाव किया है। पंजाब और दिल्ली दोनों की झांकियों का चयन नहीं किया गया है। इतना ही नहीं एक और खबर छापी गई है, जिसमें कहा गया है कि केंद्र ने आठ वर्षों में तीसरी बार दीदी की पसंदीदा परियोजना (कन्याश्री प्रकल्पा) पर बंगाल की गणतंत्र दिवस झांकी को खारिज कर दिया है।

### 30 में से 15 ही राज्य चुने जाते हैं

सूत्रों ने कहा कि 2024 की गणतंत्र दिवस परेड के लिए पंजाब और पश्चिम बंगाल राज्य सहित 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने परेड में भाग लेने की इच्छा दिखाई थी। इनमें से केवल 15-16 राज्यों /केंद्र शासित प्रदेशों को गणतंत्र दिवस परेड 2024 में अपनी झांकी प्रस्तुत करने के लिए अंतिम रूप से चुना जाएगा।

### झांकियों की शॉर्टलिस्टिंग की जाती है

आगे कहा कि विशेषज्ञ समिति अपनी सिफारिशें करने से पहले विषय, अवधारणा, डिजाइन और इसके दृश्य प्रभाव के आधार पर प्रस्तावों की जांच करती है। परेड की समग्र अवधि में झांकियों के लिए आवंटित समय के कारण, विशेषज्ञ समिति द्वारा झांकियों की शॉर्टलिस्टिंग की जाती है, जिससे परेड में सर्वश्रेष्ठ झांकियों की भागीदारी होती है।

### झांकियों के चयन के लिए एक प्रणाली स्थापित है

सूत्रों ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए झांकियों के चयन के लिए एक अच्छी तरह से स्थापित प्रणाली है, जिसके अनुसार रक्षा मंत्रालय सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रालयों / विभागों से झांकी के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है। विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त झांकी प्रस्तावों का मूल्यांकन झांकियों के चयन हेतु विशेषज्ञ समिति की बैठकों की श्रृंखला में किया जाता है। इसमें कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला, कोरियोग्राफी आदि के क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं।

# माँ बम्लेश्वरी धाम डोंगरगढ़ से उलटे पांव भारत भ्रमण पर निकले मेहुल लखानी से मिले सीएम साय, यात्रा के लिए दी बधाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविवार को राज्य अतिथि गृह पहुना में भारत यात्री मेहुल लखानी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मेहुल को उनकी इस यात्रा के लिए प्रदेशवासियों की ओर से शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्री गजेन्द्र यादव भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मेहुल ने योग यात्रा की थीम पर भारत, नेपाल और भूटान की यात्रा पूर्ण कर, अब पैदल पीछे की ओर चलते हुए भारत यात्रा पर निकले हैं। श्री मेहुल यह पदयात्रा सामाजिक सुधार हेतु राष्ट्रीय स्तर पर जन चेतना जगाने के उद्देश्य से लोगों को स्वास्थ्य, प्रकृति, संस्कृति और भारत के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के प्रयास हेतु कर रहे हैं। गौरतलब है कि मेहुल इससे पूर्व साइकिल से नेपाल और भूटान तक 27 महीने में 46 हजार किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर चुके हैं। वर्तमान में श्री मेहुल पीछे की ओर पैदल चलते हुए डोंगरगढ़ से रायपुर होते हुए अयोध्या और सम्पूर्ण भारत की यात्रा पर निकले हैं। मेहुल छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ के निवासी हैं।

# भस्मासुर अफसरशाही हो गई बेलगाम

श्रीकंचनपथ




लोकतंत्र के चार पाए बताए गए हैं-विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और जनता की आवाज के तौर पर मीडिया। देखने में तो विधायिका अर्थात निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से बनी सरकार ही सर्वशक्तिमान लगती है पर दरअसल, ऐसा है नहीं। घुमा फिराकर सारी शक्तियां कार्यपालिका में ही समा जाती हैं। अदालत हो, सरकार हो या जनता सब का पाला इसी अफसरशाही से पड़ता है। कार्यपालिका में देश की सर्वश्रेष्ठ बुद्धियां होती हैं। पहले से ही तेज तर्रार इन मस्तिष्कों को प्रशिक्षण देकर और खतरनाक बनाया जाता है। इसके बाद सोहबत इन्हें बना या बिगाड़ देती है। सरकार योजना बनाए, पैसे भी आवंटित करे पर कार्यपालिका काम ही न होने दे तो जूते सरकार को पड़ते हैं। इसी तरह अदालत आदेश पर आदेश देती रहे पर पुलिस-प्रशासन उसे किसी खातिर में न लाए तो कोई क्या ही कर लेगा। खबरों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अदालत की नाफरमानी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जनवरी 2017 में अदालत की अवमानना के 345 केस लंबित थे, जो जनवरी 2018 में 433 हो गए। जनवरी 2021 तक ये संख्या बढ़कर 1510 हो गई जबकि अगस्त 2022 तक ये आंकड़ा 2400 के पार चला गया। अर्थात अदालतें निर्देश देती रहीं और अफसरों ने उनपर प्रतिक्रिया देना तो दूर, शायद उन्हें खोलकर भी नहीं देखा। दरअसल, देश के चतुर अफसरों ने अपने लिए ऐसे नियम-कायदे बना रखे हैं कि वो जिसे चाहें भस्म कर दें। पुराणों में वर्णित वृकासुर ने तपस्या के द्वारा भगवान शिव को संतुष्ट किया था। शिवजी की कृपा से उसे यह वरदान मिल गया कि वह जिसके सिर पर हाथ रख दे वह भस्म हो जाए। इसके बाद उसका नाम भस्मासुर पड़ गया। कालांतर में भस्मासुर को लगा कि जिस तरह उसने शिवजी को प्रसन्न किया था, कोई और भी तो कर सकता है। इसलिए उसने शिवजी को ही भस्म करने की ठान ली। वह तमाम देवी देवताओं के पीछे पड़ गया। शिवजी और देवी देवता एक गुफा में जाकर छिप गए। तब भगवान विष्णु ने इस असुर से पीछा छुड़ाने की तरकीब निकाली। उन्होंने मोहिनी रूप धारण किया और भस्मासुर को रिझा लिया। पर एक शर्त रखी कि वे भस्मासुर को तभी प्राप्त होंगे जब वह उनके साथ नृत्य करे। नृत्य करते हुए श्री विष्णु ने अपने सिर पर हाथ रखा। मोहिनी माया के वशीभूत होकर भस्मासुर ने भी ऐसा ही किया। शिवजी का आशीर्वाद काम आ गया और भस्मासुर स्वयं भस्म हो जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में कुछ सरकारी एजेंसियों ने अपनी असीमित शक्तियों का प्रदर्शन किया है। अकसर ऐसा लगा है कि उनपर किसी तरह की कोई जवाबदेही नहीं है। वो जिसे चाहें, उसे भस्म कर सकते हैं। कईयों को उन्हें भस्म कर भी दिया। अब उनके हौसले बुलंद हैं और वो पहले से बड़ा टारगेट ढूंढ रहे हैं। इससे पहले कि अफसरशाही वास्तव में भस्मासुर बन जाए उनपर नकेल कसना होगा। अफसरशाही किसी मोहिनी के झांसे में नहीं आने वाली।



## संपादकीय

# थोड़ी राहत मिली

कतर में भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को फांसी की सजा नहीं दी जाएगी, यह खबर राहत देने वाली है। वहां की अपीलीय अदालत ने यह आदेश दिया है। हालांकि, अभी फैसले से जुड़े डीटेल्स नहीं आए हैं। यह भी पता चलना बाकी है कि इन नौसैनिकों को क्या सजा मिलेगी। केस की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि भारत के आठ पूर्व नौसैनिक अफसरों को फांसी की सजा सुनाए जाने की खबर मिलने के बाद भी यह स्पष्ट नहीं था कि उन पर आरोप क्या लगाए गए हैं, उनके खिलाफ सबूत क्या पाए गए हैं। ऐसे में इन पूर्व नौसैनिकों के परिवार वालों की हालत समझी जा सकती थी। कतर के स्थानीय मीडिया में सूत्रों के हवाले से जो अपुष्ट खबरें बाहर आ रही थीं, उनके मुताबिक इन नौसैनिकों पर इस्राइल के लिए जासूसी करने का आरोप है। वैसे तो जब तक कोई आधिकारिक सूचना न हो, तब तक उस पर बात करने का ज्यादा मतलब नहीं बनता, लेकिन लोकल मीडिया में ऐसी खबरों का आना इतना तो बता ही देता है कि वहां का जनमत इन आरोपों को लेकर कितना संवेदनशील होगा। ऐसे में भारत सरकार ने ठीक ही मामले को बेहद संयत ढंग से उठाया।

> “ कूटनीतिक स्तर पर भी प्रयास जारी रखे गए, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि कतर के नियम-कानूनों का सम्मान करते हुए न्यायिक प्रक्रिया के जरिए इस मसले को सुलझाया जाएगा। अब तक का घटनाक्रम बताता है कि यह तरीका धीरे-धीरे ही सही पर सफल साबित हो रहा है।

कूटनीतिक स्तर पर भी प्रयास जारी रखे गए, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि कतर के नियम-कानूनों का सम्मान करते हुए न्यायिक प्रक्रिया के जरिए इस मसले को सुलझाया जाएगा। अब तक का घटनाक्रम बताता है कि यह तरीका धीरे-धीरे ही सही पर सफल साबित हो रहा है। फिर भी समझना होगा कि अभी चीजें बहुत शुरुआती स्तर पर हैं। तय नहीं है कि आगे घटनाक्रम कैसा आकार लेगा। चूंकि कतर और भारत के बीच 2015 में कैदियों के आदान-प्रदान का समझौता हो चुका है, इसलिए इस बात के लिए भी प्रयास किया जा सकता है कि इन कैदियों को बाकी की सजा काटने के लिए भारत भेज दिया जाए। एक और संभावना यह है कि कतर के शाह किसी मौके पर इन कैदियों को माफी दे दें। मगर फिलहाल एक रास्ता वहां के सुप्रीम कोर्ट में जाकर सजा को और कम करवाने की कोशिशों का भी है। इसलिए अभी संयम बनाए रखते हुए प्रयास जारी रखने की जरूरत है। फिर भी, भारत सरकार ने इस मामले में जितनी तत्परता और कुशलता दिखाई है, उसकी सराहना की जानी चाहिए। यह संदेश एक बार फिर गया है कि भारत विदेश में रह रहे अपने लोगों का मुसीबत में कभी साथ नहीं छोड़ता। दुनिया भर में फैले प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए ही नहीं, देश में रह रहे उनके परिजनों के लिए भी और अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की साख के लिहाज से भी यह संदेश अहम है।

## हिंदी में सब सेकूलर सिद्ध



ज्यों-ज्यों अयोध्या में मंदिर आ रहा है, त्यों-त्यों मेरा मन अकुला रहा है। बड़े-बड़े आमंत्रित हो रहे हैं। नेता, अभिनेता, खिलाड़ी, सेलिब्रिटीज, उद्योगपति और पत्रकार भी जा रहे हैं। बहुत से रामभक्त भी जा रहे हैं। कुछ ऐसे भी अभक्त हैं, जो प्रभु जी के आमंत्रण को ठुकरा रहे हैं। कुछ कॉमरेड कह रहे हैं, हम नहीं जाएंगे। यूं तो हम लोगों की धार्मिक भावनाओं की कद्र करते हैं, लेकिन उसकी राजनीति करना ठीक नहीं। कुछ पुराने नखरेबाज हैं। इनको न बुलाते, तो कहते कि बुलाया नहीं और बुला लिया तो कहते हैं, हमें क्यों बुलाया? अपने यहां यही होता है। न बुलाओ, तो आफत और बुलाओ, तो बायकॉट! बायकॉट वो काट है, जिसकी कोई काट नहीं।

ऐसी बायकॉटी घड़ी में मुझे नयी कविता के शीर्ष कवि अज्ञेय और नयी कहानी के उज्ज्वल कथाकार निर्मल वर्मा याद आए जा रहे हैं। एक वक्त में उनका भी बायकॉट होता सुना गया था! अज्ञेय ने 'जय जानकी यात्रा' करके हिंदू पुनरुत्थानवादी की उपाधि पाई थी, तो निर्मल वर्मा ने कुंभ जाकर हिंदी के सेकूलर रिवाज को तोड़ा था और शापित हुए थे। अब लगता है कि अज्ञेय व निर्मल ही सही थे। वे इतना पहले अपने हिंदू होने को जता बता रहे थे और अब जब हर तरफ हिंदू-हिंदू, सनातन-सनातन हो रहा है, तब वे और सही नजर आते हैं!

हिंदी में ऐसा ही होता है। पहले हिंदी का हर बंदा परम सेकूलर होता है, प्रगतिशील होता है, क्रांतिकारी होता है और जब प्रगतिशील होने की फसल काट लेता है, तब अपनी जाति, अपने धर्म, अपनी पहचान को खोजने-बेचने लगता है, अपनी जाति-धर्म की फसल काटता है और बुढ़ापे में साहित्य का बाबा बनकर अध्यात्म की फसल काटने में लग जाता है। फिर भी सेकूलर सिद्ध बना रहता है।

काश! मुझे भी ऐसी कला सिद्धि आती कि पहले सेकूलर का खोमचा लगाता, जमकर सेकूलर चाट-पकौड़ी बेचता, फिर जाति-धर्म की अस्मिता की लहलहाती फसल काटता और सेकूलरों का सिरमौर भी कहलाता रहता। आम हिंदी वाला ऐसा ही सेकूलर होता है। अंदर से आस्तिक, बाहर से नास्तिक। अब जब मंदिर-मंदिर हो रहा है, तो मैं सोच रहा हूं कि आज अज्ञेय होते, निर्मल होते, तो क्या अयोध्या जाते? वे मन ही मन जरूर जाते और साथ ही दलगत राजनीति से दूर रहने का 'एलीटी नाटक' भी करते। अपना हिंदी समाज ऐसा ही नाटकीय है। ऊपर से कुछ और, अंदर से कुछ और! हिंदी में आज न कोई सच्चा सेकूलर है, न कट्टर कम्यूनल। सभी राजनीतिक रूप से सही होने के लिए इधर-उधर होते रहते हैं। इसलिए मैं राम मंदिर-ट्रस्ट के लोगों से गुजारिश कर रहा हूं कि एक आमंत्रण पत्र इस लेखक को भी पठा देते, तो आपको रामजी के अनन्य भक्त गोस्वामी तुलसीदास जी का भी आशीर्वाद मिलता। इस मानी में हिंदी का हर लेखक आपके आमंत्रण का हकदार है, क्योंकि सभी ने तुलसी की मानस को किसी न किसी रूप में पढ़ा है और जिसने पढ़ा है, वह रामभक्त भी है। उनको बुलाना तो बनता है।

मुझे यदि बुलाते, तो आपको आज के जमाने का एक दुर्लभ रामभक्त मिलता और इस भक्त को भी काम मिल जाता। रामलला के प्रतिष्ठापन का प्रसाद मिल जाता। कुछ सेल्फी-वेल्फी, फेसबुक-वेसबुक, इंस्टा, यू-ट्यूब, वाट्सएप और वीडियो हो जाते! मानस के पुनर्पाठ का, उसे 'डिकंस्ट्रक्ट' करने का काम मिल जाता और मैं दावा कर पाता कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के वक्त मैं वहीं मौजूद था। जिस तरह राम के दर्शन से बहुतों के पाप कटते, हम जैसे लघु मानव के भी पाप कट जाते। हम भी 'एलीटी आध्यात्मिक' बाबा बन जाते। आप हमारी नहीं, तो तुलसी के मित्र रहीम की बात ही मान लेते, जिन्होंने कहा था कि रहिमन देखि बड़ेन को लघु न दीजिए डारि/ जहां काम आवै सुई कहा करै तरवारि!

–सुधीर पचौरी

> “ पिछले दो साल की घटनाएं इसकी गवाह हैं। पहले रूस ने यूक्रेन पर हमला बोलकर खूंरेजी के लंबे सिलसिले की शुरुआत की। पुतिन ने बड़ी चतुराई से ऐतिहासिक तथ्यों और मौजूदा 'जिओ पॉलिटिक्स' के मिथकों की 'कॉकटेल' के जरिये इसकी पृष्ठभूमि तैयार की थी। इससे रूसी हुक्मरां और उनके सिपहसालारों को मनोवांछित मकसद तो न हासिल हो सका, मगर दोनों देशों के अवाम को अकथनीय कष्ट उठाने पर मजबूर होना पड़ा।

# मतिभ्रम और प्रामाणिकता के बीच

शशि शेखर

ईस्वी सन् ने एक शानदार रवायत को हमेशा कायम रखा। उसका हर साल अपने पीछे कुछ सवाल, तो कुछ समाधान छोड़कर रुखसत होता रहा है। इस मायने में वर्ष 2023 अभागा साबित हुआ। इस बरस समाधान कम, सवाल ज्यादा रचे गए। कोई आश्चर्य नहीं कि मरियम वेबस्टर और कैंब्रिज डिक्शनरी की रिपोर्ट्स ने भी अपनी पड़ताल में कुछ ऐसा ही पाया। कैंब्रिज डिक्शनरी ने 'हलूसनेट' यानी मतिभ्रम और मरियम वेबस्टर ने 'ऑथेंटिक' अर्थात प्रामाणिक को इस वर्ष सर्वाधिक 'सर्च' किया जाने वाला शब्द बताया है।

विभ्रम की मारी हमारी दुनिया को प्रामाणिकता की बेइंतहा जरूरत है।

यह सिलसिला वर्ष 2016 में जगजाहिर हुआ था। उस साल ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने 'उत्तर-सत्य' (पोस्ट ट्रुथ) को सबसे ज्यादा सर्च किया जाने वाला शब्द साबित किया था। वे अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के लहलहाने के दिन थे। वह जो बोल रहे थे, कर रहे थे, उसको लेकर दुनिया भर के बुद्धिजीवियों में खलबली थी। हर तरफ सवाल उछल रहा था कि शीर्ष पद के लिए खुद को सर्वाधिक काबिल पाने वाले शख्स का किरदार कैसा है? उसके विरोधी कैसी राजनीति कर रहे हैं? बाद में इस 'टर्म' को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने इस तरह व्याख्यायित किया था– 'ऐसी स्थितियां, जिनमें वस्तुनिष्ठ तथ्य जनता की राय बनाने में भावनात्मक अपीलों और निजी आस्था के मुकाबले कम प्रभावशाली हों।

तब से अब तक झूठ ने सच को धूमिल करने के अभियान में अपनी निरंतरता कायम रखी है।

कहने की जरूरत नहीं कि समाज हमेशा सत्य के साथ चलना चाहता है, पर राजनेता, कारोबारी और दरबारी उसे अकल्पनीय तर्कों में फंसाते रहे हैं। दूर जाए बिना, अपने देश के इतिहास के पन्ने पलट लेते हैं। कौरवों और पांडवों के बीच की लड़ाई सत्य पर आधारित थी या असत्य पर, इसे तय करने के लिए कितना बड़ा युद्ध लड़ना पड़ गया? कहते हैं कि उस जंग में आर्यावर्त के हर घर को जान या माल की क्षति हुई थी। महानतम धार्मिक और दार्शनिक हस्तियों की कोशिशों के बावजूद यह सिलसिला अभी तक थमा नहीं है।

पिछले दो साल की घटनाएं इसकी गवाह हैं। पहले रूस ने यूक्रेन पर हमला बोलकर खूंरेजी के लंबे सिलसिले की शुरुआत की। पुतिन ने बड़ी चतुराई से ऐतिहासिक तथ्यों और मौजूदा 'जिओ पॉलिटिक्स' के मिथकों की 'कॉकटेल' के जरिये इसकी पृष्ठभूमि तैयार की थी। इससे रूसी हुक्मरां और उनके सिपहसालारों को मनोवांछित मकसद तो न हासिल हो सका, मगर दोनों देशों के अवाम को अकथनीय कष्ट उठाने पर मजबूर होना पड़ा। यही नहीं, दो मुल्कों के बीच की जंग भूल चुकी दुनिया में मध्ययुगीन क्रूरताएं एक बार फिर आकार लेने लगीं।

आने वाली पीढ़ियां यह जानकर अचरज करेंगी कि उनके पुरखों ने दूसरे महायुद्ध के आघातों से उबरकर सिर्फ चार दशक में एक ऐसा निजाम तैयार किया,



जहां जंग बीते कल की बात लगने लगी थी। कारगिल जैसे कुछ हादसे अगर सतह पर उभर आते थे, तो उन्हें दुर्भाग्यजनक बीमारी मानकर दफना दिया जाता था। इसका नतीजा सुखद था। सिर्फ तीन दशक में सौ करोड़ से अधिक लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठ आए थे। अफ्सोस, कोरोना और यूक्रेन युद्ध ने इस अश्वमेध की रास थाम ली। जंग और संक्रामक रोग अगर एक बार इंसानी जिंदगी में दाखिल हो जाएं, तो आसानी से विदा नहीं होते।

इजरायल और फिलिस्तीन के बीच आज जो हो रहा है, वह इस कड़ी का अगला अध्याय है। दोनों लड़ाइयों में एक लाख से अधिक लोग मारे जा चुके हैं या चोटिल हो चुके हैं। अगर धरती के अन्य हिस्सों में ऐसी बर्बादी फैली तो? इसे रोकने के लिए जरूरी है कि मौजूदा दुनिया में सत्य, तथ्य, कथ्य और कर्म के बीच सही संतुलन स्थापित किया जाए, लेकिन यह हो कैसे?

हमारे राजनेता तो खुद भ्रम के शिकार हो जाते हैं। दुनिया के सर्वाधिक ताकतवर माने जाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति तक इसके अपवाद नहीं हैं। अक्टूबर के पहले पखवाड़े का उदाहरण देता हूं। सोशल मीडिया के किसी अनजान सुपारी किलर ने एक ऐसा वीडियो वायरल कराया, जिसमें हमास द्वारा चालीस इजरायली बच्चों के कत्ल की वीभत्सता जगजाहिर होती दिख रही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन साहब ने उसकी पुष्टि किए बिना ही बयान दे डाला कि मैंने बच्चों के सिर कलम किए जाने की तस्वीरें देखी हैं। उनकी पुष्टि के बाद समूची दुनिया में खलबली मच गई, लेकिन जब राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारियों ने उस वीडियो की पुष्टि करनी चाही, तो उनके तोते उड़ गए। वह फर्जी था। नतीजतन, आधिकारिक प्रवक्ता को कुछ घंटों के भीतर सफाई देनी पड़ गई कि न तो राष्ट्रपति ने और न ही किसी अन्य अमेरिकी अधिकारी ने बच्चों के बर्बर कत्लेआम की तस्वीरें देखीं या इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि की है।

एक बात और। रूस व यूक्रेन की लड़ाई को सांप्रदायिकता का हथियार नहीं बनाया जा सकता था। वहां धर्म और मान्यताएं एक-सी हैं। इसके उलट इजरायल और हमास की जंग ने कठमुल्लापन थोपने की कोशिश करने वालों को घर बैठे सुअवसर प्रदान कर दिया है। इस दौरान तरह-तरह के फर्जी वीडियो, खबरें और कथाएं गढ़ी गईं। वीरता, कायरता, क्रूरता और सदाशयता जैसी परस्पर विरोधी भावनाएं एक साथ उनकी शिकार बनीं। उत्तर-सत्य के कर्णधार इस दौरान समूची दुनिया को कई बार तरह-तरह से भ्रमित करने में कामयाब रहे।

हमारा भारत भी इस थोपे गए भ्रमजाल से अछूता नहीं है। पिछले महीने दक्षिण की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के एक डीपफेक वीडियो ने केंद्र सरकार तक को चौंका दिया। इसकी इतनी तीखी प्रतिक्रिया हुई कि केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 23 नवंबर को आनन-फानन में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने डीपफेक को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए इस बाबत जल्द से जल्द कठोर कानून बनाने का आदेश दिया। इसके एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जी-20 की आभासी बैठक में विश्व के नेताओं को एआई और डीपफेक के दुरुपयोग पर चेताया था।

अगले चार-पांच महीने में भारत आम चुनावों से दो-चार होने जा रहा है। चुनाव, महामारियां, कलह और जंग भ्रम के बाजीगरों को ऑक्सीजन मुहैया कराते हैं। हमें सतर्क हो जाना चाहिए। झूठ का बाजार फिर से गरम होने जा रहा है।

तय है, दिग्भ्रमित दुनिया को आधिकारिक तथ्यों की जरूरत है और इसके लिए संसार के सत्तानायकों को आम राय बनानी होगी। हम सोशल मीडिया और एआई को वरदान की जगह अभिशाप बनने की इजाजत नहीं दे सकते। वर्ष 2024 की सबसे बड़ी चुनौतियों में एक यह भी है।

# कृपया, थामे रहिए बच्चों की उंगलियां

रुडयार्ड किपलिंग

वह ब्रिटिश बच्चा उस भारत में जन्मा था, जहां सूरज की रोशनी दिन में बहुत चटक खिलती थी और रातें अक्सर पूरी काली-अंधेरी होकर लंबी हो जाती थीं। दीये और लैंप जला करते थे, विद्युत का कहीं अता-पता नहीं था। पिता मुंबई में कला पढ़ाते थे और मां विदुषी थीं, दोनों व्यस्त रहते थे, तो वह बच्चा दो भारतीय सेविकाओं की गोद में ही पल-बढ़ रहा था। टूटी-फूटी हिन्दुस्तानी बोलने लगा था। उसे अक्सर याद दिलाना पड़ता था कि वह अंग्रेज है और उसे अंग्रेजी में ही बोलना चाहिए। एक सेविका मंदिर ले जाती थी, तो दूसरी चर्च। जिंदगी खुशनुमा बीत रही थी और एक छोटी बहन भी परिवार में शामिल हो गई थी।

तब अक्सर अंग्रेज परिवारों में चलन था कि बच्चे भले भारत में पैदा हों, पर कुछ बड़े होते ही वे इंग्लैंड भेज दिए जाते थे, ताकि पढ़ाई-लिखाई खांटी अपनी भाषा-संस्कृति के हिसाब से हो सके। उस बच्चे के माता-पिता को तो कुछ ज्यादा ही जल्दी थी। वह छह साल का बच्चा तीन साल की छोटी बहन के साथ इंग्लैंड के लिए रवाना हुआ। इंग्लैंड में खूब रिश्तेदार थे, पर माता-पिता ने दोनों बच्चों को उनके पास नहीं छोड़ा। समाचार पत्र में विज्ञापन का सहारा लिया और एक पालक दंपत्ति का चयन किया। दोनों बच्चे उनके पास छोड़ दिए। लौटते समय माता-पिता ने बच्चे और उसकी भावना पर गौर नहीं किया। वह बच्चा सवालों से घिर गया कि आखिर माता-पिता मुझे अजनबियों के बीच क्यों छोड़कर जा रहे हैं? ऐसी क्या मजबूरी है कि अलग कर रहे हैं? माता-पिता लौटने की जल्दी में थे। यह भी नहीं बताया कि फिर कब, कहां मिलेंगे, कब लेने आएंगे? इंग्लैंड में तीन-तीन मौसियां थीं, पर एक अजनबी बूढ़े नाविक को पालक बना दिया। माता-पिता की जल्दबाजी उस बच्चे के लिए दर्दनाक साबित हुई, वह अंदर-अंदर ही हालात से हिल गया। पालन-पोषण की असली जिम्मेदारी बूढ़े नाविक की पत्नी के हाथों में थी, जो क्रूरता में सेर थी और उसका बेटा सवा सेर। मां-बेटे ने मिलकर दुर्व्यवहार का सिलसिला चला दिया। खूब अपशब्द,



धमकियां, मार-पीट, अपमान, कारावास की सजा मानो चारों ओर से बरसने लगी। बस स्कूल राहत की तरह था और कहानियां बहार की तरह। वह अंतर्मुखी होता चला गया। नजरें दरवाजे पर लगी रहती थीं, पर भारत से न मां आईं, न पापा। एक साल रोते बीता, दूसरा सिसकते, तीसरे ने दिल तोड़ दिया, चौथे में चिंता गहराई और पांचवें ने पल-पल परीक्षा ली। छठे वर्ष न जाने किस्मत कैसे बदली, अचानक मां के दर्शन हुए। उन्होंने बच्चों को शोषण गृह से निकाला, पर तब तक बच्चे के मन की नदी ने अलग अंदाज में बहना सीख लिया था। एक लेखक की नींव पड़ चुकी थी, जहां से कभी पद्य, तो कभी गद्य बहने लगता था।

वह स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे पढ़ना चाहते थे, पर पिता ने उनके लिए भारत में नौकरी खोज ली और बुला लिया। वह सोलह साल नौ महीने की उम्र में भारत लौटे और अपनी जन्मभूमि की आबोहवा में खुद को फिर जिंदा पाया। लाहौर से पत्रकारिता की शुरुआत की और इलाहाबाद भी रहे, पर स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था, तो सात वर्ष बाद इंग्लैंड लौट गए। वहां जब उनकी पहली संतान का जन्म हुआ, तब उनकी यादों में बचपन फिर उमड़ पड़ा। वह अकेलापन, वो त्रासद स्थितियां, चुपचाप सहना और अपने लिए रास्ता बनाना। तब उनकी कलम से मोगली नामक कालजयी बाल चरित्र की रचना हुई। इंसान का बच्चा, जो भयावह जंगल में छूट गया है, जहां सब जानवर हैं। कुछ जानवर ही उसे पालते-बचाते हैं। मोगली की मां कहानी में दूर-दूर तक नहीं हैं और न पिता। मोगली की दुनिया में भेड़ियों का हुजूम है। प्यारा बल्लू भालू है। मुसीबत में सीना ताने साथ खड़े होने वाला काला चीता है और हरदम गुर्राता खून का प्यासा शेर खान भी है। रक्षा नामक मादा भेड़िया को मोगली मां मानता है। ऐसे मोगली और जंगल बुक की रचना के लिए रुडयार्ड किपलिंग को दुनिया बहुत याद करती है।

पांच वर्ष बहुत दुख देने वाली दत्तक मां के लिए किपलिंग ने 'द वूमन' शब्द का इस्तेमाल किया और उस दत्तक मां के पुत्र को 'द डेविल बॉय' कहा है। वह अपनी रचनाओं में बचपन के उस स्याह दौर को कभी भूल न पाए और जब भी मोगली की ओर देखा, उन्हें राहत का एहसास हुआ। 30 दिसंबर को जन्मे रुडयार्ड किपलिंग(1865–1936) दुनिया के महान लेखकों में गिने जाते हैं। उन्हें महज 41 की उम्र में साहित्य के नोबेल से नवाजा गया था। उनकी तमाम रचनाएं, चिंतन, चरित्र समय के साथ पुराने पड़ गए, पर उनका मोगली आज भी जीवंत है, बच्चों के लिए महानायक की तरह और मां-बाप के लिए चेतावनी की तरह कि कृपया, अपने बच्चों की उंगलियां थामे रहिए।

**प्रस्तुति ज्ञानेश उपाध्याय**

# गुजरांवाला की एक दास्तां जो पेरिस में पढ़ी गई

सिस्टर जेफ

कहते हैं, इस दुनिया को अगर वाकई एक परिवार बनना है, तो यह काम सिर्फ अच्छे शिक्षक कर सकते हैं, क्योंकि राजनेताओं और धर्मगुरुओं की पूरी सत्ता ही इंसान-इंसान में फर्क पैदा करने से कायम है। इसलिए इस संसार को हमेशा सिस्टर जेफ की तरह दर्दमंद शिक्षकों की जरूरत रहेगी, ताकि अज्ञानता का अंधेरा छंटता रहे, धर्म और नस्ल की बाड़ेबंदियां टूटती रहें और उसे बेहतर इंसान मिलते रहें। यूनेस्को के मुख्यालय पेरिस में पिछले महीने पाकिस्तानी शिक्षिका सिस्टर जेफ को 'ग्लोबल टीचर प्राइज' से नवाजा गया। उनके सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में जेफ के जज्बे को सलाम करने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और न्यूजीलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री जेसिंडा ऑर्डर्न जैसी हस्तियां भी पहुंचीं।

पाकिस्तान का बहुत पुराना शहर है गुजरांवाला। लाहौर से करीब 70 किलोमीटर उत्तर में बसे इसी शहर के बाहरी इलाके में स्थित अरूप गांव के एक ईसाई परिवार में सिस्टर जेफ पैदा हुईं। चलन के मुताबिक, उनका नाम रिफत आरिफ रखा गया। मगर नाम रखने से क्या होता है? इससे किसी अल्पसंख्यक की किस्मत पाकिस्तान में कहां बदल जाती है? इसलिए पढ़ने-लिखने में जहीन होने के बावजूद रिफत अपने सहपाठियों के भेदभाव का निशाना बनती रहीं। कई बार बदसलूकी की हद तक। मगर माता-पिता की हौसला अफ्जाई रिफत के आहत बालमन पर पुरअसर मरहम रख देती, और वह खुशी-खुशी अगले दिन स्कूल पहुंच जातीं। उनके पिता मजदूर थे। एक मजदूर पिता के लिए चार-चार बेटियों की परवरिश बहुत बड़ी चुनौती थी, उस पर एक सड़क दुर्घटना ने उन्हें जब लंबे समय के लिए बिस्तर पर डाल दिया, तब मां के पास मजदूरी करने के अलावा कोई चारा न बचा। फिर भी खर्च पूरे नहीं हो पाते थे। आखिरकार रिफत को भी बाल मजदूरी करनी पड़ी। मगर किताबों का दामन उन्होंने तब भी नहीं छोड़ा। रिफत का बचपन से सपना था कि ऊंची तालीम हासिल करके वह नामी वकील बनेंगी। इसलिए खुद से पढ़ने का अनुशासन अपना लिया।

साल 1997 की बात है। तेरह साल की रिफत तब सातवीं जमात में थीं। एक दिन किसी शरारत के लिए स्कूल शिक्षक ने सबके सामने उन्हें बुरी तरह पीटा, बल्कि उनके लिए ऐसे अल्फाज इस्तेमाल किए, जो शारीरिक पीड़ा से ज्यादा उनके मन को छलनी कर गए। रिफत ने उसी दिन कसम खा ली कि अब वह कभी किसी स्कूल में नहीं जाएंगी, बल्कि अपना स्कूल बनाएंगी,



एक ऐसा स्कूल, जिसमें किसी धर्म के गरीब बच्चे से कोई भेदभाव न हो, और बच्चों को कभी पीटा न जाए। घर के एक खुले हिस्से में ही रिफत ने इसकी शुरुआत की और उनकी पहली शागिर्द बनीं छोटी बहन!

क्या जज्बा रहा होगा! तेरह साल की लड़की, जिसे अपने घर की माली मदद के लिए बाल मजदूरी करनी पड़ी हो, अपनी पढ़ाई के साथ-साथ गांव-इलाके के गरीब बच्चों को पढ़ाने के सपने संजोने में जुट गई। गांव के गरीब घरों में जा-जाकर रिफत ने बच्चों, खासकर लड़कियों के माता-पिता को कायल किया कि वे उन्हें उनके पास पढ़ने के लिए भेजें। देखते-देखते दर्जनों बच्चे आने लगे। जब वह खुद नौवीं कक्षा में थीं, करीब पचास बच्चे उनके स्कूल में आने लगे थे। रिफत ने कशीदाकारी सीखी, ताकि नौकरी करके वह घर और स्कूल चला सकें। इसी उम्र में उन्होंने अपनी पहली नौकरी की, जिसके लिए उन्हें 600 रुपये महीने की तनख्वाह मिलती थी। अगले एक दशक से ज्यादा यह सिलसिला चलता रहा। रिफत की नौकरियां जरूर बदलीं, मगर बच्चियों को मुफ्त पढ़ाने का उनका इरादा नहीं बदला, बल्कि और पुख्ता होता गया। आठ घंटे की नौकरी और चार घंटे बच्चों को पढ़ाते हुए भी उन्होंने खुद न सिर्फ अच्छे अंकों से बोर्ड की परीक्षा पास की, बल्कि पंजाब यूनिवर्सिटी से राजनीतिशास्त्र व इतिहास में एमए की डिग्रियां भी उनकी काबिलियत से नत्थी हुईं। रिफत के हालात कितने प्रतिकूल थे, इसका अंदाजा सिर्फ इसी बात से लगाया जा सकता है कि भूख लगने पर भी वह बच्चों के सामने कुछ नहीं खाती थीं, क्योंकि कई बच्चे भी भूखे होते और वह उन सबको रोज नहीं खिला सकती थीं।

साल 2008 में जब इंटरनेट के जरिये उन्होंने अपनी कहानी लोगों से साझा की, तो कई लोग उनकी मदद के लिए आगे आए। मगर उन्हें सबसे बड़ा प्रोत्साहन 2013 में मिला, जब एक वैश्विक प्रतियोगिता में रिफत को करीब 55 लाख पाकिस्तानी रुपये का पुरस्कार मिला। इस रकम से उन्होंने गुजरांवाला के बाहरी इलाके में एक स्कूल और महिलाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र खोला। उस प्रशिक्षण केंद्र में हस्तशिल्प और ब्यूटीशियन आदि की ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि बच्चियां व महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। इस शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्र में आने वाले सभी लोगों को, चाहे वे नर्सरी कक्षा के बच्चे हों या फिर प्रशिक्षण केंद्र की महिलाएं, सहायिकाएं, कंप्यूटर चलाने की तालीम लाजिमी तौर पर लेनी पड़ती है, ताकि वे इंटरनेट की मदद से आधुनिक दौर के साथ कदमताल कर सकें। रिफत का कारवां बढ़ निकला।

रिफत अब पूरे पाकिस्तान में सिस्टर जेफ के नाम से मकबूल हैं। उनके संस्थान 'जेफनियाह वुमेन्स एजुकेशन ऐंड इम्पॉवरमेंट फाउंडेशन' के कई ब्रांच खुल चुके हैं, जिनमें आस-पास के करीब एक दर्जन गांवों की गरीब-उपेक्षित लड़कियां और महिलाएं निःशुल्क शिक्षा व प्रशिक्षण का लाभ उठा रही हैं। 'ग्लोबल टीचर प्राइज' के तहत अगले दस वर्षों में जेफ को जो 27 करोड़ रुपये (पाकिस्तानी) से अधिक की रकम मिलेगी, उससे यकीनन हजारों बच्चियों को निःशुल्क शिक्षा मिल सकेगी। बकौल सिस्टर जेफ, 'जब तक पाकिस्तान की आधी आबादी (स्त्रियां) तालीमयाफ्ता नहीं होगी, तब तक यह तरक्कीयाफ्ता मुल्क नहीं बन सकेगा।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### हसदेव के जंगल में हो रही पेड़ो की कटाई की जांच के लिए समिति गठित

**रायपुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड अंतर्गत हसदेव अरण्य क्षेत्र में घाटबर्रा कोल परियोजना के तहत जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा 93 हेक्टेयर भूमि से लगभग 9 हजार से अधिक पेड़ों की कटाई प्रारंभ कर दिया गया है। हसदेव अरण्य बचाओ आंदोलनकारियों के खिलाफ पुलिसिया कार्यवाही कर गिरफ्तार किया जा रहा है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह के नेतृत्व में 8 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति में पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह संयोजक, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, डॉ. प्रीतम राम, भानूप्रताप सिंह, गुलाब कमरो, सफी अहमद, राकेश गुप्ता, भगवती राजवाड़े सदस्य है। जांच समिति के सदस्यों को कहा गया है कि वे अविलंब प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय ग्रामवासियों व प्रशासन के अधिकारियों से भेंट एवं चर्चा कर प्रकरण वस्तुस्थिति से अवगत होकर प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

### विभिन्न ग्रामों में शिविर के माध्यम से आमजनों को योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**कोरबा।** भारत सरकार की योजनाओं से आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम रंगबेल व जपेली, जनपद पंचायत करतला के फत्तेगंज, औराई व ननियारी, पोडी उपरोडा ब्लॉक के गिद्धमुड़ी, बनिया में, विकासखंड पाली के ग्राम पोटापानी, अलगीडांड व बगधरीडांड में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंची। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

# किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था के दो पहिए: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय का समारोह में मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने ड्रायफ्रूट की माला, साफा और गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने अभिनंदन समारोह के आयोजन के लिए मिलर्स एसोसिएशन को धन्यवाद देते हुए नववर्ष की अग्रिम बधाई दी।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धान की फसल हमारे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का आधार है। किसान और राइस मिलर्स हमारी अर्थव्यवस्था को दो पहिए हैं। हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती और गतिशीलता के लिए दोनों पहियों की मजबूती और गतिशीलता बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ सरकार की है। हम मिल-जुलकर प्रदेश के चावल उद्योग को नयी ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम सबके लिए बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में धान का उत्पादन लगातार बढ़ा है। इससे चावल उद्योग के क्षेत्र में नयी संभावनाओं का जन्म हो रहा है। आज छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा चावल के महत्वपूर्ण निर्यातक राज्य के रूप में स्थापित हो चुकी है। अभी छत्तीसगढ़ में परिवहन के क्षेत्र में बहुत कुछ करना शेष है। अन्य राज्यों से हमारी कनेक्टिविटी बढ़े, रेल नेटवर्क और मजबूत हो, साथ ही एयर कनेक्टिविटी भी मजबूत होनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी अध्यक्षता में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 23 वीं बैठक में छत्तीसगढ़ में कार्गो हब बनाने की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके निर्माण से प्रदेश में व्यापार-व्यवसाय फलेगा-फूलेगा। कल ही राज्य के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हुआ है। परिवहन विभाग की जिम्मेदारी मेरे पास है। परिवहन के विकास के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में हम नये आयाम स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ सरकार की कृषि हितैषी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप इस साल राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है।

प्रति एकड़ धान खरीदी की यह मात्रा बीते खरीफ की तुलना में लगभग 6 क्विंटल ज्यादा है। धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 130 लाख मेट्रिक टन है, लेकिन इससे कहीं ज्यादा खरीदी होने की उम्मीद है। उन्होंने मिलर्स एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मिलर्स और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है कि कस्टम मिलिंग का काम बहुत तेजी से किया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ के कोटे का चावल सेंट्रल पूल में तेजी से जमा कराया जा सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के सभी मिलर्स से पूरी क्षमता से और तेजी से मिलिंग करने की अपील की। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की भूमि और भगवान श्री राम का ननिहाल है। छत्तीसगढ़ से भांचा राम के लिए सुगंधित चांवल भेजा जा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राईस मील बड़ा व्यवसाय है। कृषि की प्रगति में भी राईस मिलर्स का बड़ा सहयोग है। सांसद सुनील सोनी एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# मुख्यमंत्री साय से अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्षअमर पारवानी जी ने कहा कि प्रदेश की उन्नति में व्यापारी समाज सदैव ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। प्रदेश के 12 लाख व्यापारी एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आगे भी प्रदेश के विकास हेतु शासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम



सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, उपाध्यक्ष-हीरा माखीजा, नरेंद्र हरचंदानी, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, महेश दरयानी, टी. श्रीनिवास रेड्डी, जय नानवानी, मंत्री- निलेश मुंधड़ा, शंकर बजाज, राजेंद्र खटवानी, राकेश (जनक) वाधवानी, दिलीप इसरानी, विक्रांत राठौर, राजेश शर्मा, सुनील मिश्रा, युवा चेंबर प्रदेश अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री कांति पटेल, युवा चेंबर उपाध्यक्ष- जयेश पटेल, विपुल पटेल, युवा चेम्बर मंत्री गोल्डी लूनिया, जयंत मोहता, ट्रांसपोर्ट चेम्बर- प्रदेश अध्यक्ष अमरीक सिंह, महामंत्री नवीन शर्मा, सचिव राजेश शर्मा, श्रवण विश्नोई, बंटी शर्मा, अशोक शर्मा, देवीलाल शर्मा, मिलन भारद्वाज, रमेश भट्ट, दीपक शर्मा, पवन अग्रवाल, महिला चेम्बर महामंत्री श्रीमती पिंकी अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमल शाह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सरकार की योजनाओं से मिले लाभ को बयां कर रहे हैं हितग्राही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत उनको योजनाओं से हुए लाभ को ग्रामीणों के सामने शिविर में बताया जा रहा है। इन योजनाओं में पीएम आवास योजना (ग्रामीण), आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, पीएम उज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान), पीएम फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि शामिल हैं। जिला टीम द्वारा संबंधित पोर्टल में विभाग के अनुसार अपलोड भी किया जा रहा है।

जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम गिरहुलपाली और गोबरसिंघा में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम टाडीपार और पहन्दा में किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम धाराशिव, डोकरीडीह, मुच्छमल्दा और दुम्हानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। मुच्छमल्दा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुभाष जालान और डॉ दिनेश जांगड़े उपस्थित थे। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया था।प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ईमानदारी और मेहनत साहू समाज की ताकत-अरुण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज बिलासपुर के सिम्स ऑडिटोरियम में साहू समाज के विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने भक्त माता कर्मा की आरती और पूजा-अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में बिलासपुर और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में युवक-युवतियां अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए।



इस मौके पर साहू समाज द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया। बेलतरा के विधायक सुशांत शुक्ला भी कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में महती जवाबदारी मिलने पर जिला साहू समाज द्वारा उप मुख्यमंत्री अरुण साव का सम्मान किया गया। श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत और ईमानदारी साहू समाज की पहचान है जिसके कारण समाज आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। ये विशेषता समाज में आगे भी बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता साहू समाज में निहित है। राज्य की तरक्की और बेहतरी के लिए ये गुण जरूरी हैं।

श्री साव ने गांव के एक छोटे से कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उप मुख्यमंत्री बनने के बाद भी लोगों से पहले जैसे आत्मीयता और प्यार बनाए रखने का अनुरोध किया। बिलासपुर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन जिला साहू संघ एवं नगर साहू संघ बिलासपुर द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में जिला साहू संघ के अध्यक्ष तिलक राम साहू और नगर अध्यक्ष पवन साहू सहित बड़ी संख्या में विवाह योग्य युवक-युवतियां, उनके अभिभावक तथा साहू समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

# रजक परिवार ने श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** शहर के दीवान पारा मे रजक परिवार व्दारा आयोजित श्री मद भागवत यज्ञ ज्ञान सप्ताह, के दौरान ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हुए वही महिला मंडल की भजन प्रस्तुती ने लोगो को मंत्र मुग्ध किया। राजनांदगांव शहर के दीवान पारा मे इन दिनो रजक परिवार व्दारा अपने पूर्वजो,के स्मृति मे श्री मद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है ।भागवत कथा छुरिया भोलापूर से पहुचे भगवताचार्य पंडित प्रेम प्रकाश पाण्डे के मुखार विंद से किया जा रहा है जहां बडी संख्या मे श्रध्दालू कथा स्थल पहुचकर कथा श्रवण



का आनंद उठा रहे है, ।सात दिनो तक चलने वाली इस भागवत कथा के दौरान ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हुए इस मौके पर भगवताचार्य पंडित प्रेम प्रकाश पाण्डे ने श्रीमद् भागवत की कथा के दौरान ध्रुव चरित्र का वर्णन किया गया। उन्होने ध्रुव के चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान को प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती है ध्रुव ने अपने मन में दृढ़ संकल्प कर लिया था कि मुझे भगवान को प्राप्त करना है और उसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए वनवास में तपस्या करते हुए भगवान को प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रध्दालू ध्रुव कथा सुनकर भाव विहोर हुए इसके साथ हि महिला मंडल की भजन प्रस्तुती ने श्रध्दालू मंत्र मुग्ध हुए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: लगभग 5800 से अधिक पात्र नागरिक केन्द्र सरकार की योजनाओं से प्रत्यक्ष लाभान्वित हुए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** केन्द्र सरकार के लोकहितैषी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 के तहत दिन की पहली पाली में पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 42 के दहशरा मैदान सुन्दर नगर एवं दिन की दूसरी पाली में पण्डित वामन राव लाखे वार्ड क्रमांक 66 के राम जानकी सामुदायिक भवन कुशालपुर में आमजनों की सुविधा हेतु केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की



जानकारी देकर पात्रों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करने के उद्देश्य से लगाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत आज दिन की दूसरी पाली में लगाये गये नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 के तहत वार्ड नम्बर 42 एवं 66 के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में प्रदेश के प्रदेश के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन मन्त्री कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र सिंह सहित नगर पालिक निगम, रायपुर, जिला प्रशासन रायपुर सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

वार्ड क्रमांक 42 एवं वार्ड क्रमांक 66 के शिविर में स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन मन्त्री बृजमोहन अग्रवाल एवं रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी ने प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों में जाकर किया।

प्रदेश के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन मन्त्री बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी ने सम्बंधित अधिकारियों को भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की सभी जन कल्याण कारी योजनाओं का रायपुर शहर नगर पालिक निगम क्षेत्र के रहवासी समस्त पात्र नागरिकों को शिविर के माध्यम से सहजता व सरलता से दिलवाया जाना प्रशासनिक व्यवस्था के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता देकर सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये हैं ।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578




Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### जंगल सफारी से आई खुशखबरी चिरमिरी से आए दो नए नन्हे मेहमानों को देख रोमांचित होंगे पर्यटक

**रायपुर (ए)।** नए साल से पहले नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में दो नन्हे मेहमानों का आगमन हुआ है। जहां सफारी प्रबंधन ने उनका पालन पोषण शुरू कर दिया है। दरअसल चिरमिरी वन परिक्षेत्र में दो नवजात भालू को जन्म देने के बाद उनकी मां छोड़कर जंगल चली गई। इसके बाद आसपास के ग्रामीणों ने भालुओं पर नजर पड़ने पर इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी। दोनों भालू को वन विभाग ने रेस्क्यू कर नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी भेज दिया। यहां सफारी के डाक्टर दोनों भालुओं की देखभाल कर रहे हैं। जंगल सफारी के डाक्टरों ने बताया कि दो भालू में से एक काला और दूसरा सफेद है। सफेद भालू दुर्लभ होता है। इस समय सफारी में दोनों भालू डाक्टरों की निगरानी में हैं। फिलहाल दोनों भालू पूरी तरह से स्वस्थ हैं। अभी उन्हें बकरी और गाय के दूध पिलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सफेद भालू का वजन एक किलो 300 ग्राम है। वहीं काले भालू एक किलो 110 ग्राम है। दोनों भालू लगभग 25 दिन के हैं।

#### *सफेद भालू को रख सकते हैं सफारी में*

इन दोनों भालुओं को अभी सफारी प्रबंधन अपनी देखरेख में रखेगा। फिर दोनों को जंगल में छोड़ने पर फैसला लिया जाएगा। वहीं बताया रहा है कि इनमें से सफेद भालू को सफारी में ही रखने पर विचार किया जा रहा है। क्योंकि सफेद भालू आमतौर पर नजर नहीं आते हैं। इस कारण विशेष तौर पर जंगल सफारी में यह पर्यटकों के लिए रखा सकता है।

### दर्श बने 38वीं नेशनल ताइक्कांडो चैम्पियन

**रायपुर (ए)।** रायपुर शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकमल सिंघानिया के नाती दर्श चौधरी 10 वर्ष ने विगत दिनों बेंगलुरू में आयोजित 38वीं नेशनल ताइक्कांडो चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में गोल्ड मेडल जीतकर कम उम्र के बच्चों की प्रतियोगिता में जीत दर्ज करायी है। देश के ख्यातिनाम कोच मृत्युंजय राय ने बताया कि दर्श चौधरी 7 साल की उम्र से ही ताइक्कांडो खेल के प्रति अपनी लगन जाहिर कर दी थी, वे स्कूल के अलावा स्टेट चैम्पियनशिप में भाग लेते रहे और कड़े परिश्रम के चलते दर्श चौधरी ने ये मुकाम हासिल किया है। निश्चित ही दर्श चौधरी एशियन गेम्स, ऑलंपिक खेल मे भी भाग लेंगे जिसकी संभावना साफ दिखाई देती हैं। उल्लेखनीय है कि बेंगलुरु में आयोजित ताइक्कांडो प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें दर्श चौधरी ने हर क्वालीफाई राउंड मे अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को पछाड़ कर ये मुकाम हासिल किया है। दर्श चौधरी 5वीं कक्षा के छात्र हैं।

# वास्तविक शिक्षा वह जो विद्यार्थी को ज्ञानवान के साथ-साथ चरित्रवान भी बनाएः विष्णु देव साय

## मुख्यमंत्री मेधावी छात्र अलंकरण समारोह में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरस्वती शिक्षण संस्थान रोहणीपुरम् में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभावान् छात्रा-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल अक्षर ज्ञान प्राप्त करना अथवा डिग्रियां हासिल कर लेना नहीं है, बल्कि वास्तविक शिक्षा वह है जो विद्यार्थी को ज्ञानवान के साथ-साथ चरित्रवान भी बनाएं, उसे राष्ट्र के लिए उज्ज्वल चरित्र के नागरिक तैयार करें।




मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि हम सभी सनातन जीवन मूल्यों के संवाहक हैं। इन मूल्यों को बचाए रखना ही पूरी दुनिया को बचाए रखने का एकमात्र उपाय है। इस समय पूरे विश्व की परिस्थितियों को देख हम रहे है, महसूस भी कर रहे हैं। हर तरफ मनुष्य और मानवता पर संकट दिखता है। आपसी संघर्षों में उलझी दुनिया बार-बार भारत की ओर देखती है, क्योंकि हम विश्व शांति और वसुधैव कुटुबंकम की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से भारत विश्व गुरू बनेगा, दुनिया को शांति-एकजुटता और समन्वित विकास की ओर भारत ही लेकर जाएगा। यह समय भारत का स्वर्णिम समय है। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि शिक्षा ही है जो देश का भाग्य बदलने की ताकत रखती है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य हम सबके सामने रखा है। इसमें शिक्षा की अहम भूमिका है।

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सरस्वती शिक्षण संस्थान पूरे देश में एक ऐसी शिक्षा प्रदान कर रही है, जिससे देश में विद्यार्थी को सम्पूर्ण मनुष्य के रूप में तैयार कर सकें। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का उल्लेख करते हुए कहा कि अन्य शिक्षा पद्धति बौद्धिक रूप से बच्चों को को तैयार करती है, मगर सरस्वती शिक्षण संस्थान बच्चों को केवल बुद्धि से नहीं बल्कि शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के उत्थान अर्थात आध्यात्मिक उत्थान के लिए कार्य करता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि सरस्वती शिक्षण संस्थान पूरे देश में ऐसे विद्यार्थियों को तैयार कर रही है, जो सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इस संस्थान से उत्तीर्ण विद्यार्थी आसपास के गरीब बस्तियों के ऐसे बच्चों को जिनके पास पढ़ने की रूचि और बुद्धि है मगर संसाधन का अभाव है। उन्हें मेधावी बनाने और आगे बढ़ने में सहयोग प्रदान करें।

विद्या भारती संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री अवनीश भटनागर ने कहा कि आज से कुछ वर्ष पहले परिस्थितियां अलग थी, तकनीक अलग थी और भविष्य में परिस्थितियां अलग रहेगी, नई तकनीक रहेंगी। तकनीकी में तेजी से बदलाव हुआ और भविष्य में भी होगा। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से आग्रह किया कि हमें अपने बच्चों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए तैयार करना है। उन नौकरियों और व्यवसायों के लिए जो अभी बाजार में नहीं हैं, उन समस्याओं के समाधान के लिए जिनकी आशंका भविष्य में है। श्री भटनागर ने बच्चों पर दबाव के उल्लेख करते हुए कहा कि कई बार ऐसे समाचार सुनने को मिलते है कि कम उम्र के बच्चे भी आत्मघाती कदम उठा रहे है। हमे अपने बच्चों को ऐसे तैयार करना है कि वे जीवन में आने वाले हर चुनौतियों को सामना करें। उन्होंने तकनीकी के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ जानकारी हासिल करने का संकेत अभिभावकों और विद्यार्थियों को दिया।

इस अवसर पर सरस्वती शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर, सचिव विवेक सक्सेना, डॉ. देवनारायण साहू, विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री द्वय श्रीराम अरावकर, शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

### बोनस राशि मिलने से जनक राम के चेहरे पे आई मुस्कान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का प्रदेश के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। धान के बकाया बोनस राशि मिलने के बाद किसान परिवार बेहद खुश है इसके साथ ही उन्हें आर्थिक मजबूती भी मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन दिवस पर किसानों को धान खरीदी का बकाया बोनस राशि प्रदान किया, जिससे प्रदेश के किसान सहित उनके परिजनों में भी खुशी की लहर है।सरकार द्वारा बकाया बोनस राशि वितरण की महत्वपूर्ण पहल किसानों की खेती संबंधी एवं परिवार की घरेलू जरूरतों को पूरा करने सहित बच्चों की पढ़ाई के लिए भी बहुपयोगी साबित हो रहा है। कोरबा विकासखंड के ग्राम बरपाली निवासी किसान जनक राम राठिया ने बोनस राशि मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें बोनस राशि के रूप में एक लाख 38 हजार 840 रुपए प्राप्त हुए है।

श्री राठिया का कहना है कि किसानों की चिंता करने वाली छत्तीसगढ़ सरकार की इस सार्थक पहल के जरिए किसानों को बड़ी सौगात मिली है। जिससे प्रदेश के लाखों किसान परिवार खुशियां मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अपनी 36 एकड़ की पैतृक जमीन पर कड़ी मेहनत और उन्नत तकनीक अपनाकर फसलों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं, जिससे उनका परिवार आत्मनिर्भर बन रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पूरा करने मनोयोग से जुट जाएं मंत्रीगणः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**विभाग आबंटन के पश्चात सौजन्य मुलाकात करने पहुंचे मंत्रीगणों को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं**

- **कहा सुशासन का सूर्योदय हमारा ध्येय वाक्य, इसे चरितार्थ करने का लक्ष्य लेकर करेंगे काम**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मंत्रीगणों को विभागों के आबंटन के पश्चात आज मंत्रिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी मोदी जी की गारंटी पूरा करने पूरे मनोयोग से जुट जाएं। प्रदेश की जनता ने हम पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को पूरा करने के लिए हम सब संकल्पबद्ध होकर कड़ी मेहनत से कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा ध्येय वाक्य है सुशासन का सूर्योदय, इसे चरितार्थ करना है। अगले पांच सालों में मोदी जी द्वारा दी गई सारी गारंटी पूरी करनी है। पूरी पारदर्शिता के साथ आम जनता को इसका लाभ देना है। मोदी जी की गारंटी समाज के सभी वर्गों से संबंधित है और आपको सुनिश्चित करना है कि उनकी गारंटी का जमीनी क्रियान्वयन बेहतर तरीके से होता रहे।



इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी मौजूद रहे। साथ ही स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद रहे।

# बुजुर्गों का सेवा और सम्मान करें, मानव धर्म का पालन करेंः भगवानू नायक

**रायपुर।** सर्दी के मौसम में बढ़ती हुई शीतलहर को देखते हुए सामाजिक सेवा संस्था गौरी शंकर सेवा समिति के द्वारा आज श्यामनगर, रायपुर स्थित वृद्धा आश्रम में जाकर बड़े बुजुर्गों को कंबल वितरण किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजिक नेता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा बुजुर्ग समाज और परिवार की रीढ़ और अमूल्य धरोहर होते है, बुजुर्गो के सेवा और सम्मान से घर परिवार में खुशी आती है और तरक्की मिलती है, ठंड के मौसम बुजुर्गों का ध्यान रखना हम सभी का दायित्व है बुजुर्गों का सेवा मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म और कर्म है। इस अवसर पर गौरीशंकर सेवा संस्था के अध्यक्ष सुधीर बाघ ने कहा हमें यह नहीं भूलना चाहिए आज हम जो कुछ भी है बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के कारण है जिनके संघर्ष और समर्पण के कारण ही हमारा घर और परिवार, सजता और संवरता है, उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते और बताई गई बातें हमें जीवन में खुशहाली की ओर ले जाती है।



इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता अजय राउतराय ने कहा बुजुर्ग हमारे अतीत भी है और भविष्य है उनके अनुभव का लाभ हमें आगे बढ़ाता है और भविष्य को उज्जवल बनाता है । वृद्धजनों की सेवा और सम्मान भारतीय संस्कृति है। बुजुर्गों को कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अधिवक्ता भगवानू नायक, गौरी शंकर सेवा समिति के अध्यक्ष सुधीर बाघ, मोहम्मद रियाज कुरैशी, संतोष कुमार, अजय राउतराय, मधुरकर धावड़े, अधिवक्ता आनंद मुगरी, जितेंद्र नायक, संतोष क्षत्रि, बिट्टू क्षत्रि, जगन्नाथ सागर, पुरुषोत्तम यादव आदि उपस्थित थे।

# नए साल के जश्न पर पुलिस की नजर, नशा कर गाड़ी चलाई तो थाने में गुजरेगी रात

**रायपुर (ए)।** नए साल की पार्टी के लिए होटल-पबों से लेकर फॉर्म हाउसों और रेस्टोरेंट वालों ने भी जमकर तैयारी कर रखी है। म्यूजिक से लेकर पीने-खाने के खास इंतजाम किए गए हैं। शहर के 70 से ज्यादा होटलों-रेस्टोरेंट वालों ने 31 दिसंबर की रात शराब पिलाने की अनुमति मांगी है। जिला प्रशासन ने उन्हें नियमानुसार अनुमति दी है। इनमें से 20 आवेदक ऐसे हैं, जिनका रेस्टोरेंट और फॉर्महाउस है। इसमें शराब की भी सुविधा देंगे।



वहीं, अपराधों को रोकने के लिए पुलिस ने भी तैयारी कर ली है। 500 से ज्यादा जवानों की तैनाती रहेगी। शराब के नशे में पकड़े जाने पर थाने में रात गुजरानी पड़ेगी। शहर में 20 जगह चेक पाइंट बनाई गई। नववर्ष के पूर्व संध्या को शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे। शहर के प्रमुख सड़कों पर यातायात व्यवस्था अच्छी हो। आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

नववर्ष पर आयोजन रात्रि सवा 12 बजे की समयावधि के भीतर किया जाए। हुड़दंग करने वाले तत्वों पर नजर रखने के साथ त्वरित व कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभाग शहर के चिन्हित इलाके जैसे तेलीबांधा, वीआइपी रोड, नवा रायपुर सहित अन्य स्थानों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम और निरंतर गश्त करेगा। चौक-चौराहों पर जमावड़ा लगाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, दोपहिया वाहनों पर दो से अधिक सवारी, तेज गति से वाहन चलाने वालों, तेज हार्न बजाने वालों पर कार्रवाई होगी।

### बड़े होटलों में सीसीटीवी से नजर

चौक-चौराहों बड़े आयोजनों वाले होटल, रेस्टोरेंट पर सीसीटीवी और कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी। किसी प्रकार का गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। शहर के विभिन्न संदिग्ध स्थान जहां पर नशे की सामाग्री मिलने की सूचना मिलेगी और नशाखोरी-अड्डेबाजी की जा रही हो तो कार्रवाई की जाएगी। एनजीटी के गाइडलाइन के अनुसार आतिशबाजी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आबकारी की टीम रखेगी निगरानी

नववर्ष के आयोजन पर आबकारी विभाग की पैनी नजर रहेगी। रायपुर जिले में स्थित सभी होटल, बार, क्लब और रेस्टोरेंट संचालकों के लिए उपायुक्त आबकारी विभाग जिला रायपुर ने आदेश जारी कर दिया है। 12 बजे तक ही सभी होटल, बार और रेस्टोरेंट खुले रहेंगे। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

### आज रात को विशेष नाइट पैट्रोलिंग, जगह-जगह तैनात रहेंगे जवान

31 दिसंबर की रात के लिए पुलिस की विशेष नाइट पैट्रोलिंग टीम होगी। जगह-जगह चेकिंग पाइंट पर टीम तैनात रहेगी। पार्टी के लिए निर्धारित समय 12.15 बजे से ज्यादा समय होने पर कार्रवाई की जाएगी। पार्टी आयोजित करने वाले होटल-रेस्टोरेंट संचालकों को पार्किंग स्पेस देना होगा। सड़क पर पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई करेगी। आउटर के थानों को भी अलर्ट किया गया है। नवा रायपुर में खुले में पार्टी करने, सड़क पर शराब पीने, स्टंटबाजी, कार रेसिंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सर्दी, खांसी या जुकाम ने कर रखा है परेशान तो बेहद जरूरी है ये काम, इन चीजों से बना ली दूरी तो तुरंत मिलेगा आराम



सर्दियों का मौसम चल रहा है तो सर्दी-जुकाम और खांसी की परेशानी बढ़ रही है। इन दिनों संक्रामक बीमारियां तेजी से बढ़ती हैं। ऐसे में अगर समय रहते सर्दी-जुकाम को सही नहीं किया गया तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। कई ऐसी चीजों होती हैं जिनके सेवन से सर्दी-खांसी की समस्या बढ़ती है। इसलिए सर्दी जुकाम और खांसी होने पर इन चीजों को खाने से परहेज करना चाहिए। जानिए सर्दी-जुकाम में क्या-क्या नहीं खाना चाहिए।

## खट्टी चीजों से करें परहेज

सर्दियों में इम्यूनिटी मजबूत होना बेहद जरूरी है लेकिन इस मौसम में खट्टी चीजों से परहेज करना चाहिए। क्योंकि इसकी वजह से समस्याएं बढ़ सकती हैं। सर्दी-जुकाम में नींबू और संतरे जैसे फल खाने से बचना चाहिए। इन चीजों को खाने से गला भी खराब हो सकता है।

## डेयरी प्रोडक्ट्स करें अवॉयड

डेयरी प्रोडक्ट्स के सेवन से सर्दी-जुकाम की समस्याएं बढ़ सकती हैं। दही और छाछ की तासीर ठंडी होने की वजह से सर्दी की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में इन चीजों को खाने से जुकाम और खांसी ठीक नहीं होगी और परेशानी बढ़ सकती है।

## प्रोसेस्ड फूड

सर्दी के मौसम में कई लोग खांसी-जुकाम होने पर हर कुछ खाते रहते हैं लेकिन ऐसा करना परेशानी बढ़ा सकता है। ऐसी स्थिति में प्रोसेस्ड फूड खाने से बचना चाहिए। ये गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि इनमें सोडियम और शुगर दोनों चीजों मौजूद होती हैं तो समस्या बढ़ सकती है।

## मीठी चीजों का सेवन न करें

सर्दी-जुकाम होने पर गलती से भी मीठी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे कई तरह की समस्याएं बढ़ सकती हैं। मीठी चीजें खाने से गले में सूजन और दर्द की समस्या हो सकती है।

## स्मोकिंग न करें

सेहत के लिए खतरनाक स्मोकिंग को सर्दी-जुकाम होने पर गलती से भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसकी वजह से इम्यूनिटी कमजोर होती है और फेफड़ों की समस्या भी बढ़ती है। ऐसे में सर्दियों में स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए।

# बॉक्स ऑफिस पर सालार की तूफानी रफ्तार बरकरार, 8वें दिन की कमाई भी रही शानदार



प्रभास स्टारर 'सालार' की अनाउंसमेंट के बाद से ही फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और जब ये फिल्म थिएटर में पहुंची तो इसने वाकई धमाका कर दिया। यहां तक कि प्रभास स्टारर फिल्म ने शाहरुख खान की 'डंकी' को भी पीछे छोड़ दिया। क्राइम थ्रिलर ये फिल्म अपने ओपनिंग डे से ही ताबड़तोड़ कलेक्शन कर रही है। इस बीच इस फिल्म ने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए।

'सालार' को क्रिटिक्स से तो अच्छा रिव्यू मिला ही वहीं दर्शकों से भी इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म ने ऑडियंस को एंटरटेनमेंट की फुल डोज दी है। फिल्म के एक्शन सीक्वंस से लेकर विजुअल्स इतने शानदार है कि इन्हें देखने के लिए दर्शक सिनेमाघरों तक खिंचे चले आए। इस फिल्म की कमाई की बात करें तो 'सालार' ने 90.7 करोड़ से ओपनिंग की थी. इसके बाद फिल्म ने दूसरे दिन 56.35 करोड़ कमाए. तीसरे दिन 'सालार' की कमाई 62.05 करोड़ रही। चौथे दिन फिल्म ने 46.3 करोड़ का कलेक्शन किया। पांचवें दिन 'सालार' का कारोबार 24.9, छठे दिन 15.6 करोड़ और सातवें दिन 12.1 करोड़ रहा। इसी के साथ 'सालार' की पहले हफ्ते की कमाई 308 करोड़ रुपये हो गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक 'सालार' ने रिलीज के आठवें दिन यानी सेकंड फ्राइडे को 10.00 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ 'सालार' का आठ दिनों का कुल कारोबार 318.00 करोड़ रुपये हो गया है।

# देहाती लड़के में मैंने पहली बार निभाई अलग भूमिकाः कुशा कपिला



ड्रामा सीरीज देहाती लड़के में छाया का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री कुशा कपिला ने बताया कि उन्होंने शो में अपनी पिछली भूमिकाओं के विपरीत एक प्रोफेसर की भूमिका निभाई है। अभिनेत्री ने बताया कि इससे पहले उन्होंने बेहद शहरी किरदार निभाए हैं।

सोशल मीडिया पर्सनैलिटी और यूट्यूबर, कुशा को सेल्फी, प्लान ए प्लान बी, थैंक यू फॉर कमिंग, केस तो बनता है और अन्य में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है।

देहाती लड़के में अपनी भूमिका के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, छाया एक उदार और प्रगतिशील महिला हैं, जो रजत विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं। उसे रजत के गुरु प्रशांत में प्यार मिलता है। छाया की अपनी सोच है, वह एक मजबूत इरादों वाली लेकिन मिलनसार हैं और लोगों को उनके साथ खुलकर बात करना आसान लगता है। प्रगतिशील होने के साथ-साथ वह जीवन में गलतियां करने से भी नहीं डरती। अतीत में निभाई गई किसी भी अन्य भूमिका से अलग भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए कुशा ने कहा, दिलचस्प बात यह है कि देहाती लड़के में मेरा किरदार अतीत में मेरे द्वारा निभाई गई किसी भी अन्य भूमिका से अलग है। मैंने ज्यादातर बेहद शहरी किरदार निभाए हैं। मैंने वास्तव में कभी किसी प्रोफेसर की भूमिका नहीं निभाई है।

सबसे ज्यादा बिकने वाले हिंदी उपन्यास पर आधारित, यह कहानी न केवल कॉलेज के दिनों की याद दिलाती है, बल्कि जीवन को पूरी तरह से अपनाने के बारे में मूल्यवान जीवन सबक भी देती है। यह सीरीज एक छोटे से गांव के एक साधारण लड़के रजत की यात्रा का अनुसरण करती है, जो लखनऊ शहर की चकाचौंध में अपने सपनों को पूरा करने की तलाश में निकलता है। सीरीज में शाइन पांडे, राघव शर्मा, तनिष नीरज, सौम्या जैन, आसिफ खान और कुशा शामिल हैं। यह अमेजन मिनीटीवी प्रसारित हो रही है।

# नेहा मलिक ने सिजलिंग आउटफिट में कराया हॉट फोटोशूट



भोजपुरी अदाकारा नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी मशहूर हैं और आए दिन वे अपने ग्लैमरस अवतार से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस एक हॉट फोटोशूट कराया है जिसे देखने के बाद आपके होश काबू में नहीं रहेंगे। नेहा मलिक ने लेवेंडर कलर का सिजलिंग आउटफिट पहना है। ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं। साथ ही उनके बड़े-बड़े ईयररिंग्स उनकी खूबसूरती को दोगुना कर रहे हैं। एक्ट्रेस की दिलकश अदाएं देख यूजर्स मोहित हो गए हैं और कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी की बारिश कर रहे हैं।

नेहा मलिक एक अभिनेत्री और मॉडल हैं जो पंजाबी फिल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़ी हैं। उनका जन्म 31 अक्टूबर 1990 को हुआ था और उनका जन्मस्थान मुंबई, महाराष्ट्र, भारत है। उसकी ऊंचाई लगभग 5 6 है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सेंट जेवियर सेन्टर से की। स्कूल, दिल्ली, और जीएमसीएच गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चंडीगढ़ से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। नेहा मलिक ने अपने कैरियर की शुरुवात मॉडलिंग से की और दुबई में फैशन वीक में टॉप 3 रैंक हासिल की थी। 2015 के ब्राइडल फैशन वीक में प्रतिभाग की हुई थी। नेहा फिलहाल सिंगल ही है।

# परेश रावल की शास्त्री विरुद्ध शास्त्री ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दी दस्तक

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता परेश रावल पिछले कुछ समय से अपनी फिल्म शास्त्री विरुद्ध शास्त्री को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 29 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है और इसे दर्शकों का प्यार भी मिल रहा है। शास्त्री विरुद्ध शास्त्री एक युवा लड़के की कहानी है, जो अपने माता-पिता और दादा-दादी के बीच कानूनी लड़ाई में फंस जाता है। यह फिल्म जटिल विषयों से निपटकर परिवार की गतिशीलता की बारीकियों की जांच करती है।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर फिल्म शास्त्री विरुद्ध शास्त्री का एक पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक कोर्ट रूम ड्रामा, जो परिवार और बाकी सभी चीजों को एक साथ जोड़ता है। यह लड़ाई कौन जीतेगा यह जानने के लिए नेटफ्लिक्स पर शास्त्री विरुद्ध शास्त्री देखें।शास्त्री विरुद्ध शास्त्री में नीना कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका में हैं। शिव पंडित, मिमी चक्रवर्ती, अमृता सुभाष और मनोज जोशी भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं।

# थिएटर्स के बाद मृणाल और नानी की फिल्म हाय नन्ना 4 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी

साउथ स्टार नानी और मृणाल ठाकुर स्टारर फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर को सिनेमघरों में रिलीज हुई है। फिल्म को दर्शकों की तरफ से काफी पसंद किया गया। पहली बार स्क्रीन शेयर करते मृणाल और नानी की जोड़ी को भी फैंस ने काफी प्यार दिया है। वहीं, थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब फिल्म अपना डिजिटल डेब्यू करने वाली है।

नानी और मृणाल की ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी। नए साल पर मेकर्स ये ऐलान कर दर्शकों एक तोहफा दिया है। ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 4 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। इस बात ऐलान खुद नेटफ्लिक्स ने एक्स पर कर किया है।


नेटफ्लिक्स के अकाउंट से पोस्ट में शेयर कर अनाउंसमेंट की गई है। इसमें लिखा- आय नन्ना 4 जनवरी को तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में



नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। ये एक रोमांटिक और फैमिली फिल्म है। इसमें एक बेटी और पिता के खूबसूरत रिश्ते को दिखाया गया है। फिल्म में नानी ने पिता का किरदार निभाया है, जिनकी एक बेटी है माही (कियारा)। वो अपनी बेटी की अकेले परवरिश करते हैं। माही ये जानने के लिए बेताब है कि उसकी मां कौन हैं। फिल्म में नानी की पत्नी के रोल में मृणाल ठाकुर हैं।

फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो, इसमें नानी और मृणाल के साथ ही चाइल्ड आर्टिस्ट कियारा खन्ना, प्रियदर्शी पुलिकोंडा, अंगद बेदी और विराज अश्विन जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है।

# ब्लैक टी या ग्रीन टी दोनों में से कौन ज्यादा फायदेमंद है वेट लॉस के लिए किसे चुनें?



आजकल की लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत आदतों से काफी लोग मोटापे की समस्या से परेशान रहते हैं। बढ़ता हुआ वजन उनकी रोज की गतिविधियों और स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है।ऐसे में अधिकांश लोग वजन कम करने के लिए डाइटिंग और एक्सरसाइज़ जैसे तरीके अपनाते हैं कुछ लोग सुबह उठकर अलग-अलग ड्रिंक पीते है ताकि वजन कंट्रोल हो सकते। वजन कम करने करने के लिए वे कई तरह के उपाय अपनाते हैं। इनमें से एक आम उपाय है दूध वाली चाय को लोग छोड़ कर उसकी जगह पर ग्रीन टी या फिर ब्लैक टी पीते है या फिर जो लोग ज्यादा हेल्थ कंशियस होते हैं वे लोग भी ग्रीन टी या फिर ब्लैक टी पीना पसंद करते हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है वजन घटाने के लिहाज से ग्रीन टी और ब्लैक टी में से कौन सी बेहतर है? आइए जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स...

## एक्सपर्ट्स के अनुसार

ग्रीन टी में कैटेकिन्स नामक प्लांट कंपाउंड होते हैं जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर वजन घटाने में मदद कर सकते हैं। वहीं ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं जो फैट को जलाने में मदद करते हैं। ब्लैक टी भी फ्लेवोनॉयड्स और पॉलीफेनॉल्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है जो वजन नियंत्रण में मददगार हो सकते हैं। इसलिए, ग्रीन टी और ब्लैक टी दोनों का सेवन करने से लाभ मिल सकता है। लेकिन, वजन घटाने के मामले में ग्रीन टी को ज्यादा प्रभावी माना जाता है। फिर भी, दोनों चायों को रोजाना डाइट में शामिल करने और एक स्वस्थ लाइफस्टाइल को अपनाने से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

## ग्रीन टी और ब्लैक टी क्या पिएं

ग्रीन टी और ब्लैक टी दोनों में से ग्रीन टी को वजन घटाने के लिए ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट ईजीसीजी होता है जो वसा को जलाने में मदद करता है। ग्रीन टी कैटेकिन नामक प्लांट कंपाउंड से भरपूर होती है जो चयापचय की दर को बढ़ा देता है और अतिरिक्त कैलोरी को जलाने में मदद करता है। ग्रीन टी पीने से पेट भरा हुआ महसूस होता है जिससे ओवरईटिंग की संभावना कम हो जाती है। इसके विपरीत, ब्लैक टी में इतने ज्यादा एंटीऑक्सीडेंट और फैट बर्निंग कंपाउंड नहीं होते। इसलिए, वजन घटाने के लिहाज से ग्रीन टी ज्यादा फायदेमंद है।कुल मिलाकर, ग्रीन टी, ब्लैक टी की तुलना में वजन घटाने के लिए ज्यादा फायदेमंद है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### पिछड़ी जनजाति के लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने शिविरों का किया जा रहा आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड कोरबा के ग्राम छातासराई, माखुरपानी, पतरापाली, गढ़उपरोड़ा, देवपहरी, विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत कटोरीनगोई, मल्दा, बांझीपारा, गुडरूमुड़ा (मांझीपारा) में पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार पाली जनपद के डोंगानाला सहित अन्य सभी जनपदों के पीव्हीटीजी बसाहटों में योजना अनुरूप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत ऐसे समुदायों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस दौरान शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है।

### विश्व शौचालय दिवस पर जागरूकता संदेश

**जामुल।** आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। नगर पालिका परिषद जामुल द्वारा 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर क्लीन टॉयलेट कैंपेन अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता टीम द्वारा रोज नगर पालिका के सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय की विशेष साफसफाई किया जा रहा है। नागरिकों को जागरूक बनाया जा रहा है।अभियान के दौरान स्कूली बच्चों एवं महिला स्व सहायता समूह को भ्रमण कराया जा रहा है,स्कूली बच्चों को स्वच्छता की जानकारी दी जा रही है, स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत पुरैना तालाब, रावण भाठा एवं अन्य सार्वजनिक जगहों पर नागरिकों के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है,जिसमे वार्डो के पार्षदों के अलावा अन्य संगठन एवं सामाजिक इस थीम में बढ़चढक़र शामिल हो रहे है। नगर पालिका द्वारा आज वार्ड में जा कर विश्व शौचालय दिवस पर जागरूकता संदेश दिया। लोगों के सोच में परिवर्तन हो। शहरी क्षेत्र निर्मल भारत अभियान चलाया गया।

# बैगाओं के प्रत्येक परिवारों के लिए बनाएंगे पक्के मकान : विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा दूसरे दिन भी वनांचल क्षेत्र में सघन दौरा किया। डिप्टी सीएम शर्मा सुबह 8 बजे से वनांचल के दौरे पर निकल गए। सुदूर वनांचल क्षेत्रो के रेंगाखार जंगल से चिल्फी के मुख्यमार्ग पर पड़ने वाले सभी ग्रामो में पहुंचकर वहां के स्थानीय विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवार, किसान, ग्रामीणजन, महिलाएं और युवाओ से सीधा संवाद किया, वही ग्रामीणों की मांग पर सर्व समाज के लिए सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री शर्मा सुदूर वनांचल ग्राम बोक्करखार पहुंचे। उन्होंने वनांचल के सिवनीखुर्द, समनापुर, शीतलपानी, बहनाखोदरा, सिवनिकला चिल्फी और बोक्करखार में सभाएं ली। वनांचलवासियों द्वारा उपमुख्यमंत्री शर्मा का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया साथ ही लोक पारंपारिक राउत नाचा से भी स्वागत करते हुए मंच स्थल तक ले जाया गया।

उन्होंने ग्राम समनापुर में बाउंड्रीवाल के लिए 7 लाख रुपए, सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2 लाख, ग्राम बरबसपुर में बिजली पोल शिफ्टिंग के लिए 5 लाख रुपए, शौचालय निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए देने साथ ही ग्राम ग्राम तीतरी में सामुदायिक हाल के लिए 10 लाख,सिवनिखुर्द में सामुदायिक हाल के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम सोनवाही में बालक आश्रम के लिए 10 लाख रुपए को घोषणा की। ग्राम झलमला में बस स्टैंड के लिए हर संभव प्रयास करने का विश्वास दिलाया। ग्राम शितलपानी में दो अलग-अलग सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2-2 लाख देने की घोषणा की। ग्राम चिल्फी में सरस्वती शिशु मन्दिर के लिए 7 लाख रुपए, ग्राम बेंदा में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम बोक्करखार के आमापानी मे तेंदूपत्ता फड़ खोलने के घोषणा की। इसके अलावा बोक्करखार, शम्भूपीपर में मंच निर्माण के लिए 3-3 लाख, देने की घोषणा की। इसी प्रकार मुडघुसरी मैदान तक पहुँचमार्ग, बाहपानी से बारहापानी तक, महली घाट सड़क की मांग पर इस आगामी बजट में शामिल कराने की बात कही।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2023 के दिसम्बर माह में हमारी नई सरकार बनी है और सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। राज्य की पहली केबिनेट बैठक में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए राज्य के 18 लाख परिवारों को पक्का आवास देने का वादा निभाया है। इसके बाद किसानों को पिछले 2 साल का धान का बोनस दे कर मोदी की गारंटी को निभाया है। इसी प्रकार किसानों से एक और वादा को पूरा करते हुए इसी साल से ही 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा हमने किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 सौ रुपए में देने का वादा किया है, उसे भी पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को धान का 31 सौ रुपए के हिसाब से एकमुश्त राशि एक साथ भुगतान किया जाएगा।

## सूर्यवंशी गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित हुए समाज के उत्कृष्ट जन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर।** अंतर्राष्ट्रीय विराट सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के समापन समारोह में जांजगीर चांपा के विधायक व्यास कश्यप मुख्य अतिथि थे। माननीय विधायक व्यास कश्यप जी ने समापन समारोह के पूर्व पंच परमेश्वरों एवं तथागत गौतम बुद्ध का पूजन अर्चन कर, वीर शहीदों के शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ पंच परमेश्वरों की पूजा अर्चना कर किया। मुख्य अतिथि व्यास कश्यप ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्यांश शिक्षा महा महोत्सव के आयोजन समाज के लिए बहुत ही उपयोगी है। यह आयोजन बाबा साहब अम्बेडकर के दिए मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, सघंर्ष करो पर आधारित है। उन्होंने महामहोत्सव स्थल पर स्थापित भगवान तथागत गौतम को नमन करते हुए बुद्ध के करुणा, मैत्री और प्रज्ञा का अनुसरण करने पर जोर दिया।

सूर्यांश धाम खोखरा से प्रारंभ होकर सूर्यांश विद्यापीठ, सूर्यांश धाम सिवनी पहुंचे सूर्यांश शिक्षा एवं संस्कार शोभा यात्रा का महोत्सव स्थल पर भव्य स्वागत किया गया एवं पंच परमेश्वरों का पूजन अर्चन कर उन्हें मंच पर विराजित किया गया। पंच परमेश्वरों के पूजन के पश्चात क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सूर्यवंशी गौरव रत्न सम्मान तथा अन्य सम्मानों से सम्मानित किया गया जिसमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सामाजिक चेतना सम्मान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पुरी राम सूर्यवंशी को, सामाजिक दृष्टा सियाराम लटियार सामाजिक एवं दलित उत्थान सम्मान दया राम श्यामले को, डॉ. गणेश सूर्यवंशी चिकित्सा सेवा सम्मान लोहारा कबीरधाम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय खरसन को प्रदान किया।

## ओम उपाध्याय को राज्य वीरता पुरस्कार देने विधायक ने की अनुशंसा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** ओम उपाध्याय (16 साल) पिता नीरज उपाध्याय, कोहका, लोधी भवन के पीछे, सड़क-श6, कृपाल नगर, भिलाई निवासी को 20 दिसंबर को सुबह 8.30 बजे कुत्ते ने काट लिया। उनका इलाज प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कोहका में चल रहा है। ओम उपाध्याय दर्जन भर बच्चों के साथ खेल रहे थे उसी दौरान कुत्ता आ गया और बच्चों को बचाने के लिए ओम उपाध्याय ने कुत्तों को भगाने की कोशिश की पर कुत्ता ओम पर झपट पड़ा। वहीं ओम कुत्ते को पकड़ कर उठा लिया इसी दौरान कुत्ते ने ओम के हाथ पर दांत गड़ा दिया। ओम ने बच्चों को काटने से बचा लिया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई।

इनकी वीरता को देखते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन व वार्ड 14 के पार्षद अभिषेक मिश्रा और वार्ड 11 के पार्षद महेश वर्मा ने राज्य वीरता पुरस्कार के लिए राज्य शासन से अनुशंसा किए हैं।

घटना के बाद ओम की मां सीमा उपाध्याय ने तत्काल प्राइमरी हेल्थ सेंटर, कोहका भिलाई लेकर गई। जहां ओपीडी में तत्काल एंट्री कर रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया। चिकित्सक के अनुसार ओम को कुल 5 इंजेक्शन लगाया जाएगा। ओम ओम पशु-पक्षियों के प्रति अति संवेदनशील है। पिछली बार एक कुत्ते के पैर में कार चल गई थी, जिसे बोरे में भरकर इलाज के लिए हफ्तेभर पशु चिकित्सालय ले गया। वहीं गाय के बछड़े को भी कुत्तों से बचाया था। ओम उपाध्याय दोनों कान से नि:शक्त है।इनकी वीरता को देखते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन व वार्ड 14 के पार्षद अभिषेक मिश्रा और वार्ड 11 के पार्षद महेश वर्मा ने वीरता पुरस्कार के लिए राज्य शासन से अनुशंसा की है।

## कथा वाचक स्वामी चिन्मयानंद बापू का विधायक अमर अग्रवाल ने सपरिवार किया अभिनंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** भगवान श्री राम जी और श्री हनुमान जी के महान भक्त, राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद बापू विगत दिवस बिलासपुर राजेंद्र नगर स्थित पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल के निज निवास पर पधारे और परिवार जनों के साथ उपस्थितों को नव वर्ष की शुभ बेला पर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। विधायक निवास में अमर अग्रवाल एवं धर्मपत्नी शशि अमर अग्रवाल,सुपुत्री श्रीमती स्वाति गोयल एवम परिवार जनों ने पिछले 20 वर्षों से जीवन काल की बाल अवस्था से ही स्वाध्याय, ध्यान, प्रवचन, कथा वाचन, धार्मिक शिक्षण और मानव कल्याण के परोपकार में लीन राष्ट्रीय संत जिनका मिशन वास्तव में हिंदू धर्म के विचारों का प्रचार करना और लोगों के कल्याण करना है,उनका स्वागत सत्कार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूज्य गुरुदेव ने भेट के दौरान नगर विधायक अमर अग्रवाल को सन्मार्ग,हिंदू धर्म के उत्थान, लोक कल्याण,मानव सेवा के पथ पर आधिकारिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन दिया।

अमर अग्रवाल ने बताया चिन्मयानंद बापू मिर्ज़ापुर में पवित्र गंगा नदी के तट एक ब्राह्मण परिवार जन्मे ऐसे बालक जाने जाते रहे है जिन्होंने 9 साल के बच्चे के रूप में भागवत कथा और भागवत गीता का उपयोग करते हुए आध्यात्मिक विकास का मार्ग स्वीकारते हुए महामंडलेश्वर राम कुमार महाराज से आध्यात्मिक दीक्षा ली एव ज्ञानमार्गी होकर वैराग्य विकसित किया।इस रास्ते पर उन्हें चिन्मयानंद बापू के नाम से जाना जाने लगा।उनके कथा वाचन एवं अन्य कार्यक्रम देश में किसी न किसी स्थान पर सदैव होते है। उन्होंने भारत के लगभग सभी राज्यों में राम कथा और श्रीमद्भागवत कथा पर समर्पित प्रवचन दिए हैं। श्री राम जी और श्री हनुमान जी के प्रति उनकी विचारशील भक्ति और श्री राम कथा और श्रीमद्भागवत कथा के सुखद पाठ ने पूरे भारत में उनके लाखो अनुयायी बना लिए हैं। मां बिलासा की पावन धारा में निज निवास पर आज उनके दर्शन लाभ से जीवन में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।मालूम हो बिलासपुर जिले के बेलतरा क्षेत्र में इन दिनों बापू चिन्मयानंद द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का मधुर गायन किया जा रहा है, वे विधायक अमर अग्रवाल के निवास पर आशीर्वाद भेंट हेतु पधारे हुए थे। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल के निवास पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन सिंह,चंद्रचूड़ त्रिपाठी,शेखर पाल,लाला भाभा,शरद यादव,अमित तिवारी,अविनाश आहूजा,अमित सिंह,अनिल सिंह आदि ने भी पूजनीय बापू जी का दर्शनलाभ प्राप्त कर आशीर्वाद लिया। शहरवासियों को नव वर्ष की दी बधाई- बिलासपुर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने नव वर्ष 2024 के आगमन पर शहर वासियों एवं प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए बेहतर स्वास्थ्य, समृद्धि हेतु कामना कर जारी संदेश में कहा है कि 2023 चुनौतियों के साथ सफ्लताओं का रहा।

## नामांतरण एवं बटवारा प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारी पर रखें नियंत्रण - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के कार्यों में गति लाएं। उन्होंने कहा कि नामांतरण एवं बटवारा के प्रकरणों के लिए पटवारी के कार्यों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने तहसीलदार से कहा कि नामांतरण एवं बटवारा के राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारी पर नियंत्रण रखें, अच्छी तरह कार्य नहीं करने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

इस दिशा में कार्य प्रणाली में सुधार लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार फिल्ड में सक्रियतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रति सोमवार पटवारी, सचिव एवं राजस्व निरीक्षक मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहेंगे। एसडीएम एवं तहसलीदार उनके कार्यों की समीक्षा करें। कलेक्टर ने कहा कि सोमनी में आबादी भूमि की अवैध खरीदी-बिक्री की शिकायत मिली है। उन्होंने सोमनी में जमीन की अवैध खरीदी-बिक्री के कार्य में संलग्न व्यक्तियों को चिन्हांकित कर तत्काल उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम एवं तहसीलदार दिए। उन्होंने सोमनी के पटवारी के खिलाफ विभागीय जांच करने के निर्देश दिए। आरबीसी 6-4 की राशि का भुगतान 10 दिन के भीतर करने कहा। भू-अर्जन प्रकरणों की राशि को प्राथमिकता देते हुए वितरण कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत राजस्व प्रकरणों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करते हुए जनसामान्य को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए कोचियां एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए धान की जप्ती की कार्रवाई करें। किसानों को धान बिक्री करने में कोई परेशानी नहीं होना चाहिए। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की पेट्रोलिंग होते रहना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल एवं कालेज से लगे दुकानों में तम्बाकू से बने उत्पादों पर सख्त कार्रवाई करने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशे की गिरफ्त से दूर रखने के लिए ऐसे स्थानों पर विशेष ध्यान देते हुए कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने अतिक्रमण जिनमें दुर्घटना जोन, जहां अतिक्रमण की वजह से दुर्घटना की संभावना हो एवं ट्रैफिक की समस्या आ रही हो ऐसे स्थानों पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने चखना सेंटर पर कड़ी कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि मेरा परिवार हेलमेट परिवार अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में हेलमेट रखे जाएंगे। ग्राम से कहीं अन्य स्थान जाने पर ग्रामवासी वाहन चलाते समय सुरक्षा के लिए हेलमेट लेंगे तथा वापस आने पर हेलमेट ग्राम पंचायत कार्यालय में वापस लौटा देंगे। जीवन की सुरक्षा के लिए लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करें। इसके लिए फ्लैक्स लगवाएं तथा कार्यालय में भी हेलमेट रखें।

कलेक्टर ने कहा कि संपर्क फाउंडेशन द्वारा प्राथमिक शालाओं के बच्चों के अध्यापन के लिए जिले में 30 संपर्क डिवाईस दिए गए हैं। बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए गए नवाचार अंतर्गत ध्यान देते हुए कार्य करें। ऑनलाईन कोचिंग के तहत 10वीं एवं 12वीं के बच्चों के लिए नवाचार किया गया है। जिसमें दूरस्थ क्षेत्र के बच्चे अध्ययन के लिए जुड़ रहे हैं तथा लगभग 8 हजार बच्चे डिजिटल माध्यम से जुड़कर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को बच्चों को पढ़ाने तथा व्यवस्था की मानिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## रामकथा का शुभारंभ होगा कलश यात्रा से तैयारियों में जुटी समिति की महिलाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर।** शहर में रामकथा का आयोजन 5 से 13 फरवरी तक होगा। कथा वाचन करने पंडित अतुल कृष्ण भारद्वाज पहुंच रहे हैं। रामकथा का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा से होगा। कलश यात्रा को सफल बनाने तैयारियों के लिए समिति से जुड़ी महिलाओं की बैठक मरीन ड्राईव स्थित मंगल भवन में हुई। बैठक में तय किया गया की शहर के हर वार्ड तथा आसपास के गांव से कलश यात्रा में महिलाओं को भाग लेने आमंत्रित किया जाएगा।

इसके लिए हर वार्ड के पार्षद, वहां की महिला मंडिलयां तथा महिला समूहों का सहयोग लिया जाएगा। कलश यात्रा तथा रामकथा को सफल बनाने हर वार्ड तथा आसपास के गांव में बैठकें की जाएंगी। हर वार्ड तथा गांव में महिला समितियां बनाई जाएंगी जो अपने वार्ड तथा गांव में प्रत्येक घर तक पहुंच लोगों को कलश यात्रा तथा रामकथा का निमंत्रण देगी। समिति से जुड़ी दो दो महिलाओं को हर वार्ड में प्रचार प्रसार तथा बैठक लेने का जिम्मा दिया गया।

रामकथा का आयोजन शहर के मिनी स्टेडियम में होगा। मिनी स्टेडियम में 20 हजार वर्गफीट का विशाल पंडाल बनाने का निर्णय लिया गया है। रामकथा में पूजा की तैयारियों को लेकर प्रत्येक दिन के लिए अलग अलग महिलाओं के समूह बनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में पद्मिनी साहू, अनीता श्रीवास्तव, अरुणा दत्ता, मंजु गुप्ता, पूर्णिमा जायसवाल, रीना लारिया, शशि ठाकुर, सरिता कुलदीप, तुलसी गज़भीम, सीमा गोसाई, उषा गंगाधर, मीनू सारथी, मीना साहू, उषा ठाकुर, अमिता सोनी, सीमा शर्मा, सुनीता शर्मा, मंजु शर्मा, सरला शर्मा, ममता प्रसाद, पूनम ओझा, स्मृति कौशिक, नेहा मोटवानी, चित्रलेखा पवार, प्रभा जोशी, जागेश्वरी यादव, पूर्वांशी, कलेन्द्री, उर्मिला, संगीता, कुंती सारथी आदि उपस्थित थे।


मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फेंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### नाबालिग से रेप के दोषी को 20 साल की कैदः शादी का झांसा देकर भगा ले गया था, खाली मकान में बना रखा था बंधक

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पॉक्सो) मनेंद्रगढ़ आनंद प्रकाश दीक्षित की अदालत ने शादी का झांसा देकर 17 वर्षीय किशोरी से रेप के दोषी 33 वर्षीय युवक को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी 1 जुलाई 2020 को किशोरी को भगा ले गया था। पुलिस ने पिता की शिकायत पर नाबालिग लड़की को आरोपी के कब्जे से बरामद किया था।

न्यायालय से मिली जानकारी के मुताबिक, जैतपुर शहडोल निवासी धनीराम सिंह (33) मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के केल्हारी थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग को 1 जुलाई 2020 को भगाकर ले गया था। धनीराम सिंह पहले किशोरी के गांव में घूमने आया था, जहां उसकी पहचान उसके साथ हुई थी। नाबालिग को युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी करने का झांसा दिया। नाबालिग भी आरोपी की बातों में आ गई और घर छोड़कर उसके साथ चली गई। आरोपी नाबालिग को अपने चाचा के सूने मकान में ले गया। वहां उसके साथ रेप किया। उसने लड़की को अपने चाचा के घर पर ही रखा हुआ था।

#### पुसिल ने दर्ज किया था अपराध

मामले में नाबालिग के पिता की शिकायत पर केल्हारी पुलिस ने आरोपी युवक धनीराम सिंह के खिलाफ धारा 363, 366, 376 (2)(एन) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को 10 जुलाई 2020 को गिरफ्तार किया, तब से वह न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है। किशोरी को 9 जुलाई 2020 को पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायालय, एफटीएससी (पॉक्सो) मनेंद्रगढ़ आनंद प्रकाश दीक्षित ने शनिवार को मामले में फैसला सुनाया। न्यायालय ने धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 साल, धारा 366 में 5 साल, धारा 363 में 2 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीनों धाराओं में 500-500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

### बिना परमिट चल रहे वाहन जब्त, 10 पर जुर्माना

**कोरबा (ए)।** शहर के नया बस स्टैंड में जांच के लिए परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम पहुंची, जहां बिना परमिट के चलते एक बस को पकड़कर जब्त कर लिया। वहीं नियमों के पालन में लापरवाही पर 10 बस पर पेनाल्टी लगाई। शहर में वाहनों के मनमाने तरीके से संचालन पर लगाम कंसने परिवहन विभाग ने जांच अभियान शुरू किया है। शनिवार को विभाग की उड़नदस्ता टीम शहर के नया बस स्टैंड पहुंची, जहां बसों के परमिट व फिटनेस की जांच की गई। इस दौरान एक बस बिना परमिट के चलते हुए पकड़ा गया, जिसे जब्त कर लिया। वहीं 10 बस में नियमों का पूरी तरह पालन होना नहीं पाया गया।

# भाभी से शादी कर उसे भी बनाया चोरः ट्रेनिंग देकर रायपुर में प्रॉपर्टी डीलर के दफ्तर से की 20 लाख की चोरी

**रायपुर (ए)।** रायपुर पुलिस ने चोर दंपती को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी हिस्ट्रीशीटर है और उसने कुछ महीने पहले अपनी ही भाभी से शादी की। फिर उसे उसे भी चोरी की ट्रेनिंग दी और दोनों एक प्रॉपर्टी डीलर के मकान से सोने-चांदी के गहने सहित 20 लाख का सामान चोरी कर लिया। वारदात सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।





पुलिस ने बताया कि, न्यू शांति नगर निवासी दीपक गाईन प्रॉपर्टी डीलिंग और मछली पालन का व्यापार करता है। उसने अपने दो मंजिला मकान में नीचे ऑफिस बनाया है। 23 दिसंबर की रात 11.15 बजे ऑफिस के हिस्से में आग लगने से धुआं उठने लगा। जब वह दौड़कर नीचे पहुंचा तो देखा कि अलमारी का ताला टूटा था।

#### चोरी के बाद सीसीटीवी कैमरे में लगाई आग

दीपक ने पुलिस को बताया कि किसी ने चोरी के बाद सीसीटीवी कैमरे समेत सामान में आग लगा दी थी। इसके बाद जांच के लिए एक पुलिस टीम बनाई गई। टीम ने दफ्तर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उसमें एक युवक-युवती बैग ले जाते हुए दिखाई दिए। दोनों स्कूटी पर जा रहे थे। इस पर पुलिस ने उनका मूवमेंट चेक किया।

जांच के दौरान स्कूटी सवारों की तस्वीर साफ हुई तो पुलिस ने उनकी पहचान कराई। इसमें पता चला कि स्कूटी सवार युवती प्रॉपर्टी डीलर के घर में काम करने वाली पुरानी मेड बिंदिया गोस्वामी उर्फ बिंदी है। जबकि युवक अविनाश गिरी गोस्वामी था, जो कि चोरी और कई मामलों में जेल जा चुका है।

जांच में पता चला कि पचपेड़ी नाका पार्किंग में स्कूटी खड़ी कर दोनों आरोपी बस से कांकेर भाग गए। वहां वे किराए के मकान में रहने लगी। इस पर पुलिस ने कांकेर जाकर उनकी घेराबंदी की और मकान में छापा मारा। वहां से पुलिस को नए इलेक्ट्रॉनिक सामान, बाइक, महंगे सामान और करीब 11 लाख रुपए बरामद हुए।

#### 15 दिन पहले ही जेल से छूटा था अविनाश

पुलिस पूछताछ में अविनाश ने बताया कि बिंदिया उसकी भाभी थी। कुछ महीने पहले ही दोनों ने शादी कर ली। इसके बाद वह महासमुंद में हुई एक चोरी मामले में जेल चला गया। 15 दिन पहले ही जेल से छूटा तो दोनों धरसींवा में साथ रहने लगे थे। चोरी के बाद खरीदे गए नए सामान के साथ दोनों अपना घर बसा रहे थे।

#### पति के किस्से सुन, दी चोरी की टिप

वहीं बिंदिया ने पुलिस को बताया कि अविनाश के जेल जाने के बाद वह दीपक के मकान में मेड का काम करने लगी थी। जब अविनाश जेल से वापस आया तो बिंदिया ने काम छोड़ दिया। अविनाश ने उसे अपनी चोरी के किस्से सुनाए तो बिंदिया ने उसे दीपक के यहां लाखों रुपए होने की जानकारी दी।

इसके बाद अविनाश ने दीपक के दफ्तर में चोरी की साजिश रची। उसने बिंदिया को भी इसमें शामिल किया और बाकायदा ट्रेनिंग दी। इसमें चोरी के बाद सीसीटीवी कैमरे जलाने, वहां से भागने और दूसरी जगह जाकर नए सिरे से जिंदगी किस तरह से शुरू करेंगे शामिल था।

## ट्रक ने पिकअप को मारी जोरदार टक्करः हादसे में महिला की मौत, 4 लोग गंभीर रूप से घायल

**बलौदाबाजार (ए)।** बलौदाबाजार जिले के कुकदा गांव में रविवार सुबह पिकअप को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, वहीं 4 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से 3 गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला पलारी थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, कोसा नगर भिलाई के रहने वाले कुछ लोग गिरौधपुरी धाम दर्शन करने जा रहे थे। पिकअप में कुल 20 लोग सवार थे। सभी लोग पिकअप के पीछे डाला में बैठे थे, तभी पलारी थाने से 3 किलोमीटर पहले कुकदा गांव के पास शनिवार रात 2 बजे पिकअप पंक्चर हो गई।

देर रात गाड़ी बनाने की कोई सुविधा नहीं होने के चलते सभी लोगों ने रात वहीं गुजारने का फैसला लिया। 15 लोग पिकअप से उतर गए और पास में बने मंदिर के बरामदे में सो गए। वहीं 5 लोग पिकअप के अंदर सो गए। रविवार सुबह 4-साढ़े 4 बजे के करीब ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मारी। इससे पिकअप 300 मीटर हवा में उछलकर जमीन पर जा गिरी। हादसे में पिकअप के अंदर सो रही वर्षा मेश्राम (42) की मौके पर मौत हो गई, वहीं 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 2 बच्चे, एक महिला और एक युवक शामिल है। घायलों में से 3 को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि एक युवक का पलारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ट्रक की टक्कर से पिकअप पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में सो रहे लोग गाड़ी के डाला में दबे रहे, जिन्हें लोगों ने निकाला।

इस हादसे में जान गंवाने वाली वर्षा मेश्राम मितानिन थी। घटना के बाद सुबह उसका पति राजेश मौके पर पहुंचा। वर्षा के शव को पलारी थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। साथ ही सभी घायलों को भी इलाज के लिए भिजवाया गया।

#### मंदिर के पास बरामदे में सोए 15 लोग बाल-बाल बचे

15 लोग सुबह होने की इंतजार में मंदिर के पास बरामदे में सोए थे, जो हादसे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। ट्रक गाड़ी को टक्कर मारकर जहां पर लोग सो रहे थे, वहां तक पहुंच गया था, हालांकि बीच में पेड़ आ जाने से वो वहीं रुक गया।

घायलों में भूपेंद्र कुमार टोंडरे (30), त्रिवेणी बाई (60), आदित्य (17), भावेश (9) शामिल है। इनमें से गंभीर रूप से घायल त्रिवेणी, भावेश और आदित्य को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतका के पति ने बताया कि पहले उन्हें पत्नी की मौत की सूचना नहीं दी गई थी, अस्पताल आने पर पता चला। उन्होंने बताया कि टोंडरे परिवार और हम सब पड़ोसी हैं और एक परिवार की तरह ही रहते हैं। शनिवार रात सब दर्शन के लिए निकले थे, तब गाड़ी पंचर होने की सूचना मिली थी। सुबह हादसे की जानकारी मिली। वहीं घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंची भूमिका वर्मा ने बताया कि सुबह 4 बजे जोरदार ब्लास्ट की आवाज आई, तो वे परिवार सहित घर से बाहर निकलीं। मौके पर देखा तो पिकअप के नीचे लोग दबे थे, जिन्हें खींचकर निकाला और रास्ते से गुजर रही कार से पलारी अस्पताल पहुंचाया। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी।

#### आरोपी ट्रक ड्राइवर फरार

पुलिस ने बताया कि ट्रक में प्याज भरा हुआ था। फिलहाल ट्रक ड्राइवर फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## धान का अवैध परिवहन, 556 क्विंटल जब्त

**उत्तर बस्तर कांकेर (ए)।** कलेक्टर शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में आज एस डी एम पखांजूर एएस पैकरा द्वारा पी वी 92 धर्मपुर थाना छोटे बेठिया अंतर्गत दीपचंद बैरागी को 901 बोरी (360 क्विंटल) और अरुण शील को 491 बोरी (196 क्विंटल) धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर मंडी अधिनियम के तहत जप्ती की कार्यवाही की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार आगे भी अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



जप्ती की कार्यवाही के दौरान नगर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, सहायक उपनिरीक्षक गिरीश चंद्र कुर्रे, कृषि विभाग के अधिकारी मनोज सरकार सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## खुर्सीपार तिराहे पर कॉम्पलेक्स में घुसी ट्रेलर, हैंडब्रेक लगाकर चाय पीने गया था ड्राइवर और हो गया हादसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। यहां एक ट्रेलर खुर्सीपार तिराहे के पास सड़क किनारे कॉम्पलेक्स में घुस गई। इस बीच ट्रेलर ने एक पिकअप को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना रविवार अलसुबह की बताई जा रही है। जिस कॉम्पलेक्स में एसबीआई, पंजाब नेशनल बैंक आदि के एटीएम लगे हुए हैं। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी प्रकार के जानमाल की हानि नहीं हुई।

मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है। खुर्सीपार तिराहे पर सिग्नल पार करने के बाद चालक ने सड़क किनारे ट्रेलर को पार्क किया और चाय पीने चला गया। इस दौरान ट्रेलर का हैंड ब्रेक ठीक से नहीं लगा और वह ढलान की ओर लुड़कता हुआ कॉम्पलेक्स में जा घुसा। कॉम्पलेक्स के पास एक पिकअप भी खड़ी थी जिसे ठोकर मारते हुए ट्रेलर कॉम्पलेक्स में घुस गई। जिस समय हादसा हुआ तब सड़क पर ज्यादा भीड़ नहीं थी जिसके कारण कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया। सूचना के बाद खुर्सीपार पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## स्कॉर्पियो में गांजा तस्करी, पुलिस ने तस्करों को दबोचा

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (ए)।** नशे के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। स्कॉर्पियो वाहन में गांजा परिवहन करते हुए तीन अंतरराज्यीय तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से लगभग 35 किलो गांजा समेत अन्य सामग्री जब्त किया है. जब्त सामग्रियों की कीमत 11 लाख 39 हजार रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पेंड्रा पुलिस ने की है।

जानकारी के अनुसार, अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी की सूचना थाना प्रभारी पेंड्रा को मुखबिर से प्राप्त हुई कि तस्कर बिलासपुर के रास्ते रतनपुर होते हुए एक स्कार्पियो वाहन में गांजा लेकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे हैं। जिसपर थाना पेंड्रा और साइबर सेल की टीम ने लाटा तिराहा के पास नाकाबंदी कर बिलासपुर कारिआम की तरफसे आ रहे वाहन क्र.MH 40 BE 4634 को चेक किया। जिसमें से 34.6 किलो ग्राम गांजा मिला। गांजा मिलने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही एक स्कार्पियो कार, 2 नग मोबाइल हैंडसेट सहित 11 लाख 39 हजार के सामान जब्त किये है। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।




सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572


## खास - खबर

### महापौर धीरज बाकलीवाल ने उज्जैन में किये भगवान महाकाल के दर्शन



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम शहर महापौर धीरज बाकलीवाल शनिवार आज सुबह परिवार सहित उज्जैन बाबा के दरबार मे पहुँचकर महाकाल का दर्शन किये।उन्होंने नन्दी हॉल से बैठकर भगवान श्री महाकाल के दर्शन किये और बाबा महाकाल की आराधना की। इसके बाद उन्होंने गर्भगृह में जाकर भगवान का पूजा अर्चन और अभिषेक कर बाबा महाकाल की आरती की।महापौर ने कहा कि बाबा महाकाल के चरणों में पहुंचना और उनकी सेवा का लाभ लेना यह सब उनकी कृपा से ही संभव है। हम सब बाबा महाकाल से मांगने आते हैं।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा आज मेरा परम सौभाग्य है कि भारत के बारह ज्योतिर्लिंग में से एक उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में पहुँच महाकाल के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दर्शन के दौरान उन्होंने बाबा से समस्त शहर वासियों के सुख,समृद्धि एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की एंव बाबा से आशीर्वाद लिया।

### `कल से मैत्री बाग में टिकट लेने हेतु ऑनलाईन पेमेंट अनिवार्य




**भिलाई।** 01 जनवरी 2024, सोमवार को मैत्री बाग एवं चिड़ियाघर पर्यटकों के दर्शनार्थ खुला रहेगा। प्रति नववर्ष के आगमन पर आस-पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में पर्यटक, मैत्री बाग में मनोरंजन एवं पर्यटन के उद्देश्य आते है। अतः कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए तथा अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए पर्यटकों को चंलजउ या दूसरे मान्य न्च्प् एप्स के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान करने पर ही टिकट बुक करने पर सुविधा प्रदान की जाएगी। अतः पर्यटकों से निवेदन है कि अपने मोबाइल में चंलजउ या दूसरे मान्य न्च्प् एप्स डाउनलोड कर लें और नववर्ष के दिन भीड़ में अनावश्यक परेशान होने से बचे। शहर में कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए पर्यटकों से अपील की जाती है कि कोरोना वायरस के बचाव के नियमों का पूर्णतः पालन करें। हाल ही में, विभिन्न स्वास्थ्य अधिकारियों के रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना वायरस का एक नया प्रकार (स्ट्रेन) उभरा है जो कि कई राज्यों में फैल रहा है। विगत दिनों भिलाई-दुर्ग में कोरोना के 11 संभावित प्रकरण प्रकाश में आये हैं। सभी व्यक्ति विभिन्न सुरक्षात्मक उपायों का पालन करें, भीड़-भाड़ वाली जगहों और अस्पतालों में आवश्यक रूप से मास्क पहनें, बार-बार हाथ धोयें या सैनिटाइजर का प्रयोग करें और सामाजिक दूरी का पालन करें। किसी भी प्रकार का वायरल संक्रमण जैसे सर्दी, खांसी और बुखार या सांस लेने में परेशानी होने पर कोविड-19 का परीक्षण करवायें।

## नए साल के जश्न में रहेगी शांति

# विधायक रिकेश से मिलकर होटल और रेस्टोरेंट मालिकों ने दिया सहयोग का भरोसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नए साल के आगामी आयोजनों और 31 दिसंबर की शाम के विषय में जुनवानी रोड के होटल और रेस्टोरेंट मालिकों ने विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन से मुलाकात की। इस दौरान होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय संचालन को लेकर विधायक रिकेश सेन ने उनसे समस्याएं पूछीं तथा समाधान स्वरूप बेहतर व्यवस्था बनाने सहयोग की अपील भी की।



विधायक रिकेश सेन ने कहा कि आप सभी रेस्टोरेंट में पहुंचने वाले ग्राहकों के उपयुक्त पार्किंग के लिए जगह अवश्य रखें ताकि वाहन सड़क पर खड़े होने से यातायात व्यवस्था में अड़चन न हो। संभव हो तो सभी लोग सीसीटीवी कैमरे लगाएं तथा एक गार्ड अवश्य रखें जो बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित ढंग से खड़े करवाए।

न्यू ईयर सेलिब्रेशन में पुलिस प्रशासन द्वारा जारी सभी नियमों का पालन अवश्य सुनिश्चित करें साथ ही रेस्टोरेंट में बगैर लायसेंस शराब आदि परोसने से दूर रहें। तेज आवाज डीजे आदि के लिए भी समय सीमा तय की गई है इसलिए अनावश्यक मापदंड से अधिक तेज आवाज के म्यूजिक न चलाएं जाएं। होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों को बंद करने का समय भी तय है इसलिए बेवजह देर रात तक अपने प्रतिष्ठान खुले न रखें।

अगर इन सभी नियमों का पालन करेंगे तो जुनवानी रोड में किसी तरह की अपराधिक गतिविधियों को रोकने में आप सभी सहयोगी तो बनेंगे ही साथ ही आपका क्षेत्र सुगम और सुचारू व्यवसायिक दृष्टि से उपयुक्त होगा। ऐसा वातावरण बनाने में सभी को मदद करनी होगी कि लोग परिवार साथ आसानी से आप सभी के प्रतिष्ठानों तक पहुंचें। आप सभी के व्यवसाय को उत्तम वातावरण और मार्केट डेवलपमेंट में जनप्रतिनिधि के नाते हर संभव मदद मैं करूंगा।

विधायक ने कहा कि कभी भी आसामाजिक तत्वों और गैरकानूनी नशे के कारोबार को प्रोत्साहित न करें, इस संबंध में कोई शिकायत या जानकारी है तो पुलिस से शेयर कर ऐसे अवैधानिक कार्यों पर तत्काल कार्रवाई के लिए सजग रहें। कोई भी समस्या हो तो मार्केट व्यवसायी मुझे अवश्य बताएं ताकि उस समस्या को दूर करने सार्थक पहल मैं कर सकूं। विधायक रिकेश सेन को सभी रेस्टोरेंट संचालकों ने आश्वस्त किया कि होटल, रेस्तरां, बार और ढाबे निश्चित समयावधि के भीतर बंद किए जाएंगे।

पार्किंग का सुविधाजनक इंतजाम करेंगे, प्रतिष्ठानों के बाहर या चार पहिए वाहन के अंदर शराब का सेवन करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को देंगे। नशीला पदार्थ जैसे हुक्का, गांजा अन्य नशीले पदार्थ सेवन करने वालों को अपने प्रतिष्ठान में प्रवेश नहीं करने देंगे। लोकांगन में विधायक से भेंट करने आए प्रतिनिधि मंडल में टेन 11 रेस्टोरेंट से जगदीप सिंह, अर्जुन ढाबा देवदास, क्रास रोड रेस्टोरेंट मनीष अग्रवाल, माक से शाश्वत, अपना ढाबा से युगल गोस्वामी, फ्यूजन तड़का से मनीष, गब्बर ढाबा से फ़ैज़, अमन ढाबा से अमन रेखी, सेंट्रल जेल रेस्टोरेंट से निशांत, कासाब्लांका से कैसर शहजाद सहित अन्य व्यवसायी शामिल रहे।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से दिसम्बर 2023 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र में दिसम्बर 2023 माह में कुल 105 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें कुल 18 कार्यपालक, 80 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में 7 सदस्य खदान बिरादरी से हैं।

संयंत्र के कार्मिकों हेतु गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन 30 दिसम्बर 2023 को भिलाई निवास के बहुउद्देषीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेषक बी के गिरी तथा विषेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक)संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से दिसम्बर 2023 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेषक , श्रीमती निषा सोनी ने सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान किया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 100 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 30 दिसम्बर 2023 को सेवानिवृत्त हुए।




# लोकसभा चुनाव को लेकर मास्टर प्लान तैयार, भाजपा की जीत तय - जितेन्द्र वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय रायपुर में प्रदेश के नेताओं की बैठक हुई। प्रदेश पदाधिकारी बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूरी गंभीरता से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है।

आगामी 5 जनवरी तक निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने और संशोधन कराए जाने संबंधी कार्यों को पूरा करने के लिए मंडल स्तर पर बैठकों का दौर पूरा हो चुका है।जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रत्येक जिम्मेदार पदाधिकारी द्वारा नमो ऐप पर 10 प्रतिष्ठित लोगों को विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का काम किया जा रहा है। आगामी 31 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता को संबोधन का कार्यक्रम मन की बात के लिए जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल द्वारा मंडल भाजपा प्रभारी एवं मन की बात के जिला प्रभारी संतोष सोनी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए जिला स्तर पर समन्वयक और सह-समन्वयक की नियुक्ति शीघ्र की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्कूली छात्रों को मार्गदर्शन देने का प्रमुख कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष परीक्षा पे चर्चा के नाम से किया जाता है, इस कार्यक्रम के लिए जल्द ही जिला कार्यक्रम प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया की भूमिका को और भी अधिक सशक्त बनाने हेतु पार्टी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पार्टी हैंडल को मजबूत करने तथा युटयुबर्स- इंस्टाग्राम यूजर्स को पार्टी के पक्ष में पोस्ट करने हेतु अभियान चलाया जाएगा साथ ही व्हाट्सएप को संगठनात्मक तंत्र एवं आमजनों के बीच में और अधिक प्रभावशाली बनाने का टास्क विशेषज्ञ कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख मोर्चों को उनके कार्यक्षेत्र के अनुरूप टास्क दिया जाएगा।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि दुर्ग जिला संगठन के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की 5 में से 4 सीटों पर भाजपा को जीत दिलाई है, उसी प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी 9 विधानसभा सीटों पर बढ़त लेकर एकतरफा जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास के सबसे महान नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार पुनः देश के शीर्षस्थ पद पर स्थापित करने के लिए भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता ने कमर कस ली है।

# व्यापार बढ़ाने स्वनिधि योजना से मिलेगा 10 हजार ऋण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर नवम दिवस छावनी शासकीय स्कूल और हुड़को परी गार्डन में आयोजित हुआ। संकल्प यात्रा शिविर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना मे आवेदन करने लोग जानकारी प्राप्त किये इस योजना में कुम्हार, लोहार,औजार बनाने वाले,झाड़ू,टोकरी बनाने वाले,दर्जी,नाई,नाव बनाने वाले,नट बोल्ट बनाने वाले आदि छोटे व्यवसायी को प्रशिक्षण एवं लोन प्रदान किया जाता है।

उसी प्रकार व्यापार को बढ़ावा देने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार ऋण लेने 12 हजार से अधिक हितग्राहियो ने पंजीयन कराया है, वहीं इस योजना से ऋण लेकर व्यापार को बढ़ाकर पूरी किस्त जमा करने वाले हितग्राहियो को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा रहा है।




शनिवार को निगम क्षेत्र के दो स्थान पर लगे शिविर में 4983 नागरिक शामिल हुए और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए लगाए गए स्टॉल में जानकारी लेकर योजना का लाभ लेने लोगो ने आवेदन फार्म भी भरे। छावनी स्कूल के शिविर में वार्ड पार्षद गिरिजा बाई बंछोर, वीणा चंद्राकर तथा हुड़को में एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी, पूर्व पार्षद दिनेश यादव ने शिविर का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किए और उपस्थित नागरिकों को भारत को विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाये।

संकल्प यात्रा शिविर रविवार को पोस्ट ऑफिस ग्राउंड खुर्सीपार एवं सिविक सेंटर पार्किंग स्थल में आयोजित किया जाएगा जहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, राशन कार्ड, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास, जिला स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, आयुष्मान कार्ड आदि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के स्टाल लगाये जाएंगे ।

# मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनषिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए विद्युत स्थापना के निवारक रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनषिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और रखरखाव, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का रखरखाव, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं:- 01 जनवरी 2024 को सेक्टर-4, 02 जनवरी 2024 को मरोदा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 03 जनवरी 2024 को सेक्टर-6, रसियन कॉम्पलेक्स व बीएमडीसी, 04 जनवरी 2024 को खुर्सीपार जोन-2 व 3, 05 जनवरी 2024 को कैम्प-1 व खुर्सीपार जोन-1 तथा 06 जनवरी 2024 को रिसाली।

# संकल्प यात्रा में ड्रोन से नैनो यूरिया छिडकाव का प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कृषि एवं किसान कल्याण, मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न केन्द्र परिवर्तित योजनाओं के आवरण में हितग्राहियों को सम्मिलित करने एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम का जिले में क्रियान्वयन किया जा रहा है।



शासन के निर्देशानुसार जिले के कृषकों को विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित किये जाने के साथ-साथ नैनो उर्वरक का विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कृषकों के प्रक्षेत्रों पर ड्रोन के उपयोग से प्रायोगिक प्रदर्शन आयोजित कर नैनो उर्वरक का उपयोग कराकर कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाना है।

इसी अनुक्रम में दिनांक 29.12.2023 को ग्राम-बोरई, वि.ख.-दुर्ग में ड्रोन के माध्यम से गेंहू फसल में नैनो यूरिया एवं डी.ए.पी. का छिड़काव जीवंत प्रदर्शन आयोजित कर कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। उक्त कार्यक्रम में एस.के.थापक, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा, ओ.पी.भट्ट, कृषि विकास अधिकारी, व्ही.सजिल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, वि.ख.-दुर्ग, श्रीमति भाना बाई जनपद सदस्य, श्रीमति पदमा साहू सरपंच, कृषक झावेन्द्र भूषण, दीपक यादव, लोचन सिन्हा, भोपाल साहू, परमान्द यादव एवं अन्य 30 कृषकगण के साथ-साथ कृषि विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

कृषक झावेन्द्र भूषण द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में नव निर्वाचित विधायक ललित चन्द्राकर के उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत बोरई में कृषकों की आय दुगुनी एवं उत्पाद समर्थन मूल्य बढाये जाने व फसलों में लगने वाली लागत को कम करनें के संबंध में कथन बताया।कृषक लोचन सिन्हा द्वारा स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत उनके खेतों का मिट्टी जांच से उस पर लगने वाली लागत, अच्ची उत्पादकता के लिए क्या-क्या करना चाहिए तथा संतुलित उपज प्राप्त करने के संबंध में बात ही।

कृषक तोमन साहू प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित है जिन्होनें योजना के बारे में अपना अनुभव व्यक्त किये। ललित मोहन भगत, उप संचालक कृषि ने बताया कि अबतक जिले में 161 ग्रामों में शिविर का आयोजन हो चुका है जिसमें 15419 कृषकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारें में जानकारी दी गई वही 961 कृषकों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभ का व्याख्यान, 115 कृषक ने प्राकृतिक खेती का व्याख्यान, 91 कृषक स्वायल हेल्थ कार्ड का व्याख्यान कर मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपना अनुभव अन्य कृषकों के समक्ष प्रस्तुत किया है साथ ही मैदानी अधिकारियों को 43 कृषक किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन प्राप्त हुये है।

# बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा प्रोत्साहन प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा, 29 दिसंबर 2023 को सेक्टर-1 स्थित नेहरु सांस्कृतिक सदन में, भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत संविदा कर्मियों के बच्चों को प्रोत्साहित करने और उन्हें प्रेरित करने हेतु, एक मेरिट अवार्ड समारोह ''प्रोत्साहन'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। इस अवसर पर, मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले, महाप्रबंधक जे एन ठाकुर, महाप्रबंधक श्रीमती शिखा दुबे एवं महाप्रबंधक शिवराजन विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, संयंत्र के कई वरिष्ठ अधिकारीगण, ओए के सदस्य, विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधिगण, मीडियाकर्मी, पुरस्कार विजेता और उनके माता-पिता भी उपस्थित थे। समारोह के शुरूआत में, दीप प्रज्ज्वलन कर अतिथियों का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया।



श्रीमती शिखा दुबे ने, सभा का स्वागत किया और कार्यक्रम को गति प्रदान की। भिलाई इस्पात संयंत्र की सीएसआर पहल के तहत ''प्रोत्साहन'' योजना, बीएसपी में कार्यरत संविदा कर्मियों के बच्चों को 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा में उनके अच्छे शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए, पहचानने और प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। सत्र 2021-22 में उत्तीर्ण प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 50 विद्यार्थियों को रु. क्रमशः 5000-ए 8000- और 10000- प्रदान किया गया है। 150 योग्यता पुरस्कार के रूप में कुल 11,50,000- का वितरण किया गया। इस वर्ष इन योग्यता पुरस्कारों के लिए कुल 287 आवेदन प्राप्त हुए थे। 150 विद्यार्थियों में, 101 लड़के और 49 लड़कियां शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950